Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

सुविचार



जहां हिंसा है वहां धर्म नहीं, जहां असत्य है वहां धर्म नहीं।
Where there are violence and falsehood there is no religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

● अंक : 132 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 11 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस को झटका, पांच बार विधायक रहे मतीन ''आप'' में शामिल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पांच बार के विधायक मतीन अहमद आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। मतीन अहमद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने मतीन के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इस दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद थे। बता दें मतीन अहमद दिल्ली के सीलमपुर से पांच बार विधायक रह चुके हैं। इससे पहले उनके अक्टूबर महीने में उनके बेटे और बहू ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था और आप में शामिल हुए थे। मतीन अहमद दिल्ली वक्फ बोर्ड के दो बार चेयरमैन रहे।

### पद्मश्री मुसाफिर राम भारद्वाज का 103 वर्ष की आयु में हुआ निधन

**भरमौर (आरएनएस)।** पद्मश्री एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिव चेले मुसाफिर राम भारद्वाज का घर पर लगभग 6.45 बजे निधन हो गया। वह लगभग 103 वर्ष के थे। कुछ समय से अस्वस्थ थे। पठानकोट के दुनेरा में पंचतत्व में विलीन हुए। वह चंबा के उपमंडल भरमौर के सचुईं गांव के रहने वाले थे। वह वर्तमान में पंजाब के जिला पठानकोट की धारकलां तहसील के तहत आने वाले दुनेरा के धारकलां में रह रहे थे। भगवान शिव के चेले मुसाफिर राम भारद्वाज का आशीर्वाद लेने प्रदेशभर के साथ पूरे देश से लोग आते थे। उन्हें वर्ष 2014 में कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनका जन्म भरमौर के सचुईं गांव निवासी दीवाना राम के घर पर हुआ था।

### पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए धमाके में लोगों के उड़े चीथड़े

**क्वेटा (एजेंसी)।** क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 24 लोग मारे गए और 46 घायल हो गए। इस घटना का लाइव वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि धमाका इतना जबरदस्त था कि इस घटना में कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में पिछले एक साल में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। यह घटना बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में लड़कियों के स्कूल और अस्पताल के पास हुए बम विस्फोट के एक हफ्ते बाद हुई, जिसमें पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी।

## कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को कभी ऊंचाई पर नहीं देख सकते : पीएम नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने झारखंड के गुमला में आयोजित चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**गुमला (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के गुमला हवाई अड्डा मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद को आदिवासियों का दुश्मन करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को ऊंचाई पर नहीं देख सकते। भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, पर द्रौपदी मुर्मू के साथ कांग्रेस का क्या व्यवहार रहा है, ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। झारखंड में चंपई सोरेन के साथ जो हुआ, ये उनकी इसी सोच का नतीजा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में झारखंड में मुझे जहां-जहां जाने का अवसर मिला, वहां हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ देती है। गुमला की रैली में आए लोगों की भीड़ बताती है कि हवा का रुख क्या है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने और झारखंड की पहचान बचाने के लिए यहां भाजपा सरकार चाहिए। नौजवानों को नौकरी और महिलाओं को सुरक्षा मिले, इसके लिए भाजपा की सरकार चाहिए। आज आदिवासी, ओबीसी और दलितों की पहली पसंद भाजपा और एनडीए है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों ने झारखंड को हमेशा पिछड़ा रखा है, जबकि भाजपा और एनडीए ने झारखंड को बड़ी-बड़ी योजनाओं का केंद्र बनाया है। पहले दिल्ली से योजनाएं शुरू होती थी। हमने बिना गारंटी के लोन देने वाली मुद्रा योजना दुमका से शुरू की थी। आयुष्मान भारत योजना रांची और पीएम जन मन योजना खूंटी से शुरू हुई थी। आदिवासी गांवों में भाजपा सरकार 80,000 करोड़ खर्च करने वाली है। इन पैसों से अच्छे स्कूल बनेंगे, अच्छे अस्पताल बनेंगे, यहां के बच्चों के लिए ट्रेनिंग सेंटर बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार सबका साथ, सबका विकास इस मूल मंत्र पर चल रही है। इसी रास्ते पर चलकर झारखंड और भारत विकसित होगा, लेकिन झामुमो-कांग्रेस के इरादे कुछ अलग हैं। कांग्रेस का शाही परिवार दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज की एकता को तोड़ना चाहता है। वे एससी-एसटी और ओबीसी को मिला आरक्षण छीनना चाहते हैं। कांग्रेस चाहती है कि आदिवासी समुदाय आपस में लड़ें और कमजोर हो जाएं। ये उरांव को मुंडा से और चीक-बड़ाइक को महली से लड़वाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में कांग्रेस नेताओं के यहां छापेमारी में बरामद रकम का जिक्र करते हुए कहा कि आपने तो झामुमो और कांग्रेस के मंत्रियों के नोटों के पहाड़ देखे हैं, पर मोदी आपके पैसों को लूटने नहीं देगा।

## जातिगत जनगणना को रोकने का प्रयास कर रहे पीएम : राहुल गांधी

### भाजपा के बंटोगे तो कटोगे पर कांग्रेस का हमला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चुनावी राज्य महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस लोगों को जातियों में बांटना चाहती है, इसलिए हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा नेताओं के बंटेंगे तो कटेंगे के नारे पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिगत जनगणना को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन देश से वादा करता है कि जातिगत जनगणना करके दिखाएंगे। आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से अधिक किया जाएगा।

उन्होंने झारखंड में एक रैली को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन द्वारा आदिवासियों को 28 फीसदी, दलितों को 12 प्रतिशत और पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के वादे को भी दोहराया। झारखंड के धनबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, देश में करीब 50 फीसदी ओबीसी, 15 फीसदी दलित, आठ फीसदी आदिवासी वर्ग के लोग हैं, लेकिन इन वर्गों की देश में कोई भागीदारी नहीं है। इसे बदलने का सबसे बड़ा तरीका जाति जनगणना है। इससे देश को पता लग जाएगा कि देश में पिछड़े, आदिवासी और दलित कितने हैं। देश का धन कैसे बंटा है। सरकारी संस्थाओं में किस वर्ग की कितनी भागीदारी है और जाति जनगणना होते ही हिंदुस्तान में क्रांतिकारी राजनीति शुरू हो जाएगी। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है। आदिवासी का मतलब देश का पहला मालिक होता है। वहीं वनवासी का मतलब है, जंगल में रहने वाले लोग, जिनका देश के संसाधनों पर कोई अधिकार नहीं है।

## महाराष्ट्र चुनाव : महिलाओं को 3 हजार रु. महीना, बेरोजगारों को 4 हजार 'महाराष्ट्रनामा' में जनता को एमवीए ने दी 5 गारंटी




**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र 'महाराष्ट्रनामा' जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाविकास अघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल और अन्य नेता भी मौजूद रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है। हम यहां महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाएंगे, तभी राज्य प्रगति करेगा। किसान, महिला, युवा समेत प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणापत्र के जरिए महाराष्ट्र की जनता को 5 गारंटी दी। जिसमें महिलाओं को 'महालक्ष्मी' के तहत 3 हजार रुपये देने का ऐलान किया है, वहीं किसानों को 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ और कुटुंब रक्षा के तहत 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही एमवीए ने जातिगत जनगणना का वादा भी किया है।

महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने अपने घोषणा पत्र में महालक्ष्मी के अलावा महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा देने का वादा किया है। एमवीए ने कुटुंब रक्षा के तहत महाराष्ट्र की जनता को 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवा देने का ऐलान किया है।

महाविकास अघाड़ी ने बेरोजगारों को हर महीने 4 हजार रुपए की मदद देने की घोषणा की है। महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने समानता की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में जातिगत जनगणना कराने का ऐलान किया है। साथ ही 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने की बात भी कही है। इसके अलावा एमवीए ने कृषि समृद्धि के माध्यम से किसानों का 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ करने का वादा किया है और नियमित कर्ज चुकाने पर 50 हजार का प्रोत्साहन देने की भी घोषणा की है।

## किसानों का कर्ज माफ...25 लाख युवाओं को रोजगार

### गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में जारी किया बीजेपी का घोषणा पत्र

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में किसानों, महिलाओं और युवाओं पर खास फोकस किया गया है। घोषणा पत्र जारी करने के मौके डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, बीजेपी स्टेट चीफ चन्द्रशेखर बावनकुले, मुंबई बीजेपी चीफ आशीष शेलार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान फडणवीस ने कहा कि ये महाराष्ट्र के पूर्ण विकास का संकल्प है। संकल्प पत्र विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप है। फडणवीस ने कहा कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे। महाराष्ट्र के 25 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। इसके साथ ही और भी कई वादे किए गए हैं जिनमें छात्रों को 10000 रुपये महीना, लाडली योजना में 2100 रुपये, बिजली बिलों में 30 फीसदी छूट, वृद्धावस्था पेंशन 2100 रुपये, 25000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती, आशा वर्करों को 15000 महीना, 45 हजार गांवों में सड़क नेटवर्क, शेतकारी सम्मान 15000 रुपये प्रति महीना शामिल है।

## पार्षद निधि से अमर जवान उद्यान से दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए गानार निवास तक सी सी सड़क कार्य का हुआ भूमिपूजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 में जर्जर हो रही अमर जवान उद्यान से दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए गानार निवास तक सी सी सड़क कार्य का भूमिपूजन किया गया।

पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि यह सड़क पूर्णतः जर्जर हो चुकी थी जिससे वार्ड वासियों सहित जैन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कत हो रही थी जिसे पार्षद निधि से बनवाया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. डी. आर. साहू, प्रियेश जैन, वीरेंद्र सोनी, मुन्नी प्रजापति, कमलेश प्रजापति, इंद्रा प्रजापति, नरेंद्र सोनी, बानी राय, शीला राय, प्रीति सोनी, विनय जैन, नितेश जैन, सोहित जैन, सुरेंद्र जैन,सहित नागरिक गण उपस्तिथ हुए।

## दिल्ली में कानून व्यवस्था का बुरा हाल : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुताबिक रविवार को दिल्ली के रोहिणी इलाके में रहने वाले एक व्यापारी से सरेआम रंगदारी मांगी गई। भाजपा से दिल्ली की कानून-व्यवस्था ही नहीं संभल रही है, तो जनता पूरी दिल्ली की जिम्मेदारी उसे कैसे दे दे। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

आईआरसी की 83वीं वार्षिक बैठक

## सड़क अनुसंधान और गुणवत्ता नियंत्रण पर प्रस्तुतियां एवं चर्चाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर स्थित सांईस कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के तीसरे दिन विभिन्न सत्रों के माध्यम से सड़क निर्माण, अनुसंधान और गुणवत्ता नियंत्रण पर चर्चा की गई है।

आज के तकनीकी सत्र में प्रधान सचिव, सचिव और मुख्य अभियंता की बैठक का आयोजन हुआ, जिसके साथ ही सत्र 13 में 'भारत में किए गए सड़क अनुसंधान कार्य' पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके बाद, सत्र 14 में राज्य सरकार के पीडब्ल्यूडी, स्थानीय निकाय और पीएसयू के अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित नवीनतम कार्यों पर चर्चा की गई। द्वितीय तकनीकी सत्र में आईआरसी जर्नल में प्रकाशित शोध पत्रों पर प्रस्तुतियाँ (समानांतर सत्र) और 'हाईवे परियोजनाओं में गुणवत्ता आश्वासन और गुणवत्ता नियंत्रण' पर एक पैनल चर्चा आयोजित हुई। इसके पश्चात राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें उन्होंने अपनी परियोजनाओं और अनुभवों को साझा किया। व्यावसायिक बैठक में वार्षिक कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

## जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी



**श्रीनगर (आरएनएस)।** मध्य कश्मीर के श्रीनगर जिले के जबरवान वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है और दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ चल रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया।

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने 3-4 आतंकियों को घेर लिया है, वहीं इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। वहीं, कुछ सुरक्षा बलों के जवान भी हताहत हुए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों में भी हो रही हैं, जो इस तरह की घटनाओं से मुक्त माने जा रहे थे। इसमें कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू में चेनाब घाटी, उधमपुर और कठुआ के इलाके शामिल हैं। जम्मू में अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड और गोलियों के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बढ़ते आतंकवाद और आतंकवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से खतरे के स्तर में वृद्धि का संकेत मिलता है। लगातार हो रहे हमलों ने राजनीतिक आलोचना को जन्म दिया है और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है। विश्लेषकों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर घाटी को जम्मू से विभाजित करने वाले पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद में बढ़ोतरी को देखा गया है। कश्मीर में लगातार आतंकवाद विरोधी अभियानों ने आतंकवादियों को पहाड़ों और उन क्षेत्रों में धकेल दिया है, जो आतंकवाद से मुक्त थे और जहां वे छिपते हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान : उंगली पर लगी स्याही दिखाने पर शहर के होटल-रेस्टॉरेंट में मिलेगी 30 प्रतिशत तक छूट

### रूम बुकिंग, मेन्यू और बफे में अलग-अलग होटलों में मिलेगा 5 दिनों तक आकर्षक ऑफर

### सुखसागर, मंजू-ममता, मेय-फेयर, बेबीलॉन और फेयर-वे होटल में मिलेगा डिस्काउंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रायपुर दक्षिण उप-चुनाव में वोट देने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने चुनाव आयोग की पहल पर आकर्षक डिस्काउंट ऑफर दिया जा रहा है। मतदान करने वालों को शहर के होटल-रेस्टॉरेंट में खाने-पीने और होटल बुकिंग में विशेष ऑफर दिया जाएगा। शहर की प्रतिष्ठित सुखसागर रेस्टॉरेंट, मंजू-ममता रेस्टॉरेंट, बेबीलॉन, मेय-फेयर और फेयर-वे होटल की ओर से मतदाताओं को विशेष छूट दे रही है। इस डिस्काउंट ऑफर का लाभ लेने मतदाता को अपने उंगली पर लगी स्यही दिखानी होगी।

मतदाता जागरूकता अभियान के चलते रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में वोट देने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने यह मुहिम चलाई गई है। इसी क्रम में एमजी रोड स्थित सुखसागर और मंजू-ममता रेस्टॉरेंट में 13 नवंबर से 15 नवंबर तक मतदाताओं को बिल में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं, नवा रायपुर स्थित होटल मेय-फेयर में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट मिलेगा और तीन बुफे लेने पर एक बुफे फ्री मिलेगी। साथ ही नवा रायपुर स्थित होटल फेयर-वे में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदाताओं को मेन्यू पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट और रूम बुकिंग में 25 प्रतिशत मिलेगा। मतदाता जागरूकता अभियान को अपना समर्थन देते हुए वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन होटल ने मतदाताओं को विशेष छूट देते हुए रूम बुकिंग पर 30 प्रतिशत, मॉकटेल पर 25 प्रतिशत, मेन्यू पर 20 प्रतिशत, बुफे पर 15 प्रतिशत डिस्काउंट देने के साथ ही 3 बुफे लेने पर 1 बुफे फ्री दिया जाएगा।

## डॉ. मनसुख मांडविया छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव दिवस समारोह में करेंगे पदयात्रा

### भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समुदायों के योगदान का उत्सव मनाने के लिए पदयात्रा

### 10,000 से अधिक माय भारत यूथ वालंटियर्स भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में पदयात्रा में होंगे शामिल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 13 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ के जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर माय भारत यूथ वालंटियर्स के साथ पदयात्रा करेंगे। इस पदयात्रा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ राज्य के अन्य मंत्री भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनकी विरासत और देश के विकास में आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में मनाया जाएगा।

इस विशेष कार्यक्रम में आदिवासी विरासत को याद करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और आदिवासी समुदायों को लाभ पहुंचाने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 10, 000 से अधिक माय भारत यूथ वालंटियर्स भाग लेंगे। ये वालंटियर्स आदिवासी संस्कृति, विरासत और विरासत की रक्षा और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देंगे।

पदयात्रा कोमोडो गांव से शुरू होगी और लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रणजीत स्टेडियम में समाप्त होगी। यह पदयात्रा युवाओं, आदिवासी नेताओं और समुदाय के सदस्यों को आदिवासी विरासत और भावना के जीवंत उत्सव में एकजुट करेगी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत की स्वतंत्रता में आदिवासी नेताओं के योगदान को दर्शाने वाले सांस्कृतिक अभिनय और आदिवासी विरासत की प्रचुरता को दर्शाने वाले नृत्यों से होगी। इस पदयात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अनुरूप वृक्षारोपण से होगी। इस पदयात्रा के दौरान, एक प्रदर्शनी स्थल पर ऐतिहासिक आदिवासी आंदोलनों, आदिवासी नायकों को श्रद्धांजलि और भारत के आदिवासी समुदायों की अनूठी कलात्मकता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। इस पदयात्रा के मार्ग के ठहराव स्थलों पर आदिवासी संस्कृति, सुंदर रंगोली कलाकृतियां, पेंटिंग और पारंपरिक आदिवासी कला का उत्सव मनाने वाले नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। सीधी प्रसारित कार्यशालाएं उपस्थित लोगों को आदिवासी नृत्य, संगीत और साहित्य के साथ एक परस्पर अनुभव प्रदान करेंगी जबकि आदिवासी खाद्य पदार्थों का चयन उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम- सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव मनाते आदिवासी नृत्य और संगीत। आदिवासी आंदोलनों और कलाओं पर प्रदर्शनी- नाटकों और झांकियों द्वारा ऐतिहासिक आदिवासी आंदोलनों, वीरता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन। जागरूकता कियोस्क- सरकारी योजनाओं और महिला लाभार्थियों के बारे में जानकारी। कलात्मक कार्यक्रम- रंगोली, पेंटिंग और आदिवासी कला और साहित्य को बढ़ावा देने वाली कार्यशालाएं। युवाओं के योगदान का उत्सव- माय भारत पोर्टल और एनवायकेएस उपलब्धियां दर्शाना। आदिवासी नेताओं को श्रद्धांजलि- प्रतिभागी आदिवासी हस्तियों की वेशभूषा में होंगे। आदिवासी उत्कृष्टता को प्रमुखसम्मान- पद्म पुरस्कार विजेताओं का अभिनंदन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना। आदिवासी भोजन- स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के आदिवासी खाद्य पदार्थ परोसना। मंत्रालय इस आयोजन के माध्यम से आदिवासी विरासत और संस्कृति की गहन समझ को बढ़ावा देना चाहता है साथ ही सरकारी कल्याणकारी पहलों में आदिवासी समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहता है। इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं को भारत की आदिवासी विरासत की समृद्ध विरासत से जुड़ने, उसे समझने और उसका सम्मान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। युवा कार्यक्रम विभाग देश भर के युवाओं को www.mybharat.gov.in पर माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करके और आदिवासी विरासत की अपनी समझ को गहरा करने और अपनी आदिवासी विरासत का सम्मान करने के लिए इस पदयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे सुरक्षा बल रायपुर मंडल द्वारा आपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत किये गये कार्यवाही का विवरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे सुरक्षा बल रायपुर मंडल द्वारा आपरेशन नन्हेफरिस्ते के तहत किये गये कार्यवाही का विवरण- रेसुब पोस्ट दुर्ग-दिनॉक 08.11.2024 को समय लगभग 08.00 बजे स.उप.निरीक्षक एस.बी.द्विवेदी तथा म.आ. मीनाक्षी निषाद को प्लेटफार्म मे गस्त के दौरान एक बालिका अकेली बैठी दिखायी दी जिससे पूछताछ करने पर उम्र 15 साल निवासी ग्राम सुबपुरा बलिया जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) बताया तथा बताया कि वह भूलवस किसी गाडी मे बैठकर दुर्ग आ गयी है।पश्चात सीएसएम/दुर्ग के पास अग्रीम कार्यवाही हेतु ले जाया गया। सीएसएम दुर्ग के द्वारा सूचना के अनुसार चाइल्ड लाइन महिला एवं बालविकास विभाग दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के सदस्य श्रीमती भारती अपने कर्मचारीयों के साथ सीएसएम के कार्यालय में आने पर उक्त बालिका को सुपुर्द किया गया।

### आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने कहा- भावना भव नाशिनी होती है, भगवान के अभिषेक के बिना पूजन अधूरा होता है

**पारसोला (विश्व परिवार)।** वर्तमान में अष्टांहिका का पर्व चल रहा है यह पर्व वर्ष में तीन बार आता है अष्टांहिका पर्व में कृत्रिम और



अकृत्रिम चेत्यालयों में देवता जाकर पूर्ण भक्ति भाव से पूजन करते हैं। आगामी 13 नवंबर से 25 नवंबर तक नगर पारसोला में सर्वतोभद्र विधान का पूजन समाज द्वारा कराया जा रहा है। विधान में पूजन करने से पुण्य में वृद्धि होती है आप मनुष्यों को देवता बनकर पूजन करने का भाग्य मिल रहा है मनुष्य पर्याय बहुत ही पूर्व जन्म के संचित पुण्य से मिलती है। इसमें आप अपने भाग्य को सौभाग्य में बदल सकते हैं। भावना भव नाशिनी होती है इसलिए परिणाम और भावों को निर्मल रखना चाहिए। ब्रह्मचारी गजु भैया एवं राजेश पंचोलिया ने बताया किमंदिरों में अभिषेक पद्धति पर चिंता व्यक्त करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि अब मंदिरों में अभिषेक की नई-नई परंपराएं प्रारंभ हो गयी है, महिलाओं को अभिषेक नहीं करने दिया जाता है, कई जगह प्रतिमाओं के अभिषेक निश्चित समय पर होता हैं, और कितने ही स्थान पर मूल प्रतिमा का अभिषेक नहीं होकर केवल गीले कपड़े से प्रक्षालन किया जाता है।भगवान का अभिषेक धूल मिट्टी हटाने के लिए नहीं किया जाता है, भगवान के अभिषेक का उद्देश्य होता है कि आपकी आत्मा पर जो कर्म रूपी मेल लगा है वह भगवान के अभिषेक और भक्ति से दूर हो। भगवान के पूजन बिना अभिषेक अपूर्ण है इसलिए पूजन के पूर्व अभिषेक सभी को करना चाहिए। स्वयं के गुणों में वृद्धि करने के लिए पूजन में भगवान का गुणानुवाद किया जाता है। जयंतीलाल कोठारी समाज अध्यक्ष दशा हूमड़ समाज तथा ऋषभ पचौरी अध्यक्ष वर्षायोग समिति ने बताया कि आगामी 13 नवंबर से स्थानीय श्यामा वाटिका में सर्वतोभद्र विधान का आयोजन किया गया है। आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व बाहर से पधारे अतिथियों एवं स्थानीय समाज जनों द्वारा पूर्वाचार्यों के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया गया। **-राजेश पंचोलिया**

### बस्तर फाइटर ने खुद को मारी गोली

**कोंडागांव-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में आज सुबह एक बस्तर फाइटर ने खुद को गोली मारकर जान ले ली. जवान हरिलाल नाग छुट्टी पर फरसगांव ब्लाक अंतर्गत अपने गांव ग्राम बारदा गया हुआ था. इसी दौरान उसने अपने घर में ही अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार दी.इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. जवान ने अपनी जान क्यों ली, इसका कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। वहीं सूचना मिलने पर घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा और केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह समेत स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पहुंची हुई है. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## आरंग के कलाकारों ने राज निवास दिल्ली में दी प्रस्तुति

### सुआ, करमा, ददरिया की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल




**आरंग (विश्व परिवार)।** शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज निवास गवर्नर हाउस कन्वेंशन सेंटर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर के लोकरंजनी लोककला मंच ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संस्कृति विभाग द्वारा संचालक विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से लोकरंजनी लोककला मंच को दिल्ली में प्रस्तुतीकरण के लिए भेजा गया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी युगल तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर राज निवास में दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना व श्रीमती संगीता सक्सेना के सानिध्य में गवर्नर हाउस दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में हाई टी में ग्राम बोडरा आरंग निवासी डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोक कला सांस्कृतिक मंच को आमंत्रित किया गया। जिसमें देश भर के कलाकारों ने भी भाग लिया। वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया लोकरंजनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रचा बसा सुआ, ददरिया, करमा गीत - नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी गई।जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। जिसमें लोकरंजनी के संचालक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर सहित रोहित कुमार साहू, मन्नू लाल वर्मा, बाहरू यादव, संध्या पडौती, ज्योति बंजारे, अनिल कुमार निषाद, ज्योति शर्मा, रामकृष्ण यादव, सती धीवर, ममता यादव आदि कलाकारों ने बढ़-चढ़कर लेते छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति की छटा बिखेरे। जिसपर नगर के स्वयं सेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए डाक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर की टीम को छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर आरंग अंचल का नाम को गौरवान्वित करने पर हर्ष व्यक्त किए हैं।

## जनजातियों ने आजादी के लिए अपने प्राणों की दी, आहुति उनकी गौरव गाथा प्रेरणादायक : बापट

### कन्या महाविद्यालय में जनजाति समाज विषय पर कार्यशाला




**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** देश के हर कोने से जनजातियों ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वर्तमान पीढ़ी के लिए जनजातीय नायक एवं उनकी गौरव गाथा प्रेरणास्रोत है. यह प्रेरणादायक उद्बोधन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष योगेश बापट ने शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में दिया.

शनिवार कों महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ मे जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत (ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्याण आश्रम के अध्यक्ष योगेश बापट, भाजपा नेता नितिन राय और कृपा शंकर भगत थे. इस कार्यक्रम का शुभारंभ जनजाति नायकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित के साथ हुआ. उस दौरान छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गाया गया. इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. एम. गुप्ता ने आदिवासी जननायक और उनके योगदान पर अपने विचार रखें. कार्यक्रम कों और खास बनाने के लिए प्रसिद्ध फ़िल्म आर.आर.आर. के गीत कोमडम भीमडू गीत कि प्रस्तुति कि गई. कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन कुमार खलखो (सहायक प्राध्यापक -भूगोल) एवं सह-संयोजक निमन झरिया मिंज (सहायक प्राध्यापक -रसायनशास्त्र) थे. अर्जुन खलखो द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना को संक्षेप में बताया गया। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य डॉ. एम. गुप्ता ने किया. इस मौके पर छात्राओं ने लोक नृत्य कि शानदार प्रस्तुति कर दर्शकों का मनमोह लिया.

## महाराष्ट्रीयन और छत्तीसगढ़ी परिधान में पहुंचीं महिलाओं ने दी कई मनोरंजक प्रस्तुतियां



महाराष्ट्र मंडल में दिवाली पारिवारिक मिलन समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ी सुवा नृत्य प्रस्तुत करने वाली विभिन्न केंद्रों की उत्साही महिलाएं

### महाराष्ट्र मंडल के दिवाली मिलन में सुआ गीत ने बटोरी तालियां

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराष्ट्र मंडल परिवार अपनी मराठी संस्कृति को संजोने के लिए जितने जतन करता है, उतना ही छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण को लेकर भी संवेदनशील है। इस बात का एहसास उस वक्त हुआ, जब महाराष्ट्र मंडल के दिवाली मिलन समारोह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी सुआ गीत के साथ हुआ।

महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न केंद्रों की महिलाओं ने मराठी और छत्तीसगढ़ी परिधान में तरी नरी नाना रे... नाना मोर सुवा ना रे.. गाया। सुआ नृत्य के दौरान महिलाएं गोल घेरा बनाकर नृत्य कर रही थीं। इस दौरान सुआ (तोता) की आवाज निकालते हुए महिलाएं गीत भी गा रही थीं। इससे पहले अपर्णा देशमुख के साथ आशिता भिते ने भी छत्तीसगढ़ी गाने पर कमाल का नृत्य किया। इन्हें अतिथियों ने इनाम भी दिया। महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने कहा कि शनिवार रात तक चले दिवाली मिलन कार्यक्रम में सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने छत्तीसगढ़ प्रांत को लेकर कई ज्ञानवर्धक और रोचक सवाल पूछे। जिन दर्शकों ने इन सवालों के सही जवाब दिए, उन्हें पुरस्कृत और प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात कला एवं संस्कृति समिति की सह प्रभारी अंकिता किरवई ने हिंदी गाने पर डांस परफॉर्मेंस से प्रभावित किया।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि दूरदर्शन के समाचार निदेशक डॉ. मनोज सोनोने ने महाराष्ट्र मंडल और यहां की गतिविधियों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह अनुमान ही नहीं था कि रायपुर का मराठी समाज इतना बडब, संगठित, सक्रिय और रचनात्मक है। मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने उपस्थित सभी सभासदों को दिवाली की शुभकामनाएं दी और कहा कि हम छत्तीसगढ़ में निवास करते हैं, ऐसे में मराठी संस्कृति के प्रति हमारी जितनी जिम्मेदारी है, उतनी ही जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोने की भी है। उन्होंने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## विस्तारितकारण को लेकर हीरा फेरो एलॉयस लिमिटेड यूनिट 2 की हुई लोक जनसुनवाई

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया समर्थन




**बीरगांव (विश्व परिवार)।** उरला स्थित मेसर्स हीरा फेरो एलॉयस लिमिटेड यूनिट 2 की शुक्रवार को लोक जनसुनवाई हुई जिसमें जनता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने उद्योग के विस्तारितकारण को समर्थन दिया इस लोक जनसुनवाई के समर्थन में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व शिक्षा मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा वर्तमान विधायक प्रतिनिधि मैक मिलन बीरगांव महापौर नंदलाल देवांगन सभापति कृपाराम निषाद बिरगांव नेता प्रतिपक्ष ओम प्रकाश साहू के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कंपनी के विस्तारितकारण को लेकर समर्थन किया है।

इस दौरान लोगों ने कंपनी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण करने की बात कही वही जनप्रतिनिधि द्वारा बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए कंपनी प्रबंधन से शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की गई है वहीं जन सुनवाई के दौरान कंपनी प्रबंधन ने बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में किए गए वृक्षारोपण की जानकारी दी जिससे उरकुरा में करीबन 4 एकड़ क्षेत्र में कंपनी द्वारा वृक्षारोपण किया गया है वहीं उरकुरा में आश्रम का भी निर्माण करने की बात कही गई है कंपनी प्रबंधन ने जन सुनवाई में दावा किया है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा लगातार वृक्षारोपण और वायु प्रदूषण के लिए कार्य कर रही है।

## 'सिल्वर कोटेड ताश की पत्ती बांट रही भाजपा..' पीसीसी चीफ ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पीसीसी चीफ़ दीपक बैज ने आज प्रेस कांफ्रेंस में कमल छाप ताश पत्ती दिखाते हुए भाजपा पर रायपुर दक्षिण में चुनाव सामग्री के रूप में बांटने का आरोप लगाया. बैज ने इसके साथ ही भाजपा पर अवैध सट्टा कारोबार चलाने का आरोप लगाया है. पीसीसी चीफ़ दीपक बैज ने राजीव भवन में आज प्रेस कांफ्रेंस कर ताश का एक पैकेट दिखाया. कमल फूल और उसके ऊपर भाजपा का नाम लिखे पैकेट और कार्ड को दिखाते हुए इसे रायपुर दक्षिण की जनता को बांटने का आरोप लगाया.उन्होंने कहा कि यह भाजपा की यह प्रचार सामग्री है, जो एक-एक युवा के घर में बँट रहा है. प्रदेश में अपराध और अपराधियों का मनोबल चरम पर है. गली-गली शराब बिक रही है, सूखे नशे की चपेट में युवा है और अब प्रचार सामग्री के रूप में में बीजेपी जुआ खेलने के लिए ताश बाँट रही है.उन्होंने कहा कि अवैध सट्टा का कारोबार चलाने का ठेका भाजपा ने ले लिया है, और युवाओं को चुनाव के लाभ के लिए सटोरी बनाने की तैयारी है. लेकिन दक्षिण की मतदाता समझ रही है कि उन्हें अपने बच्चों का भविष्य कैसे बनाना है, और चुनाव में सभी जवाब देने को तैयार है।

दुर्ग में अपराधी के एनकाउटर को लेकर सवाल खड़े करते हुए बैज ने सरकार पर पाप धोने और असफलताओं को छुपाने के लिए ये छोटे एनकाउंटर करने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने पुलिस को बधाई भी दी है लेकिन यह भी कहा कि एक एनकाउंटर करने से पुलिस और सरकार को कौन सी बड़ी सफलता मिल गई है.उन्होंने पलारी में पुलिस पर कार्रवाई को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि दारू पीकर सड़क पर नाचते नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई के बजाय सरकार पुलिस पर कार्रवाई कर रही. उन्होंने टीआई के सतनामी समाज से होने के चलते निलंबित करने पर भी सरकार से सवाल किया है, और अपने लोगों को बचाने के लिए पुलिस पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है.

## क्रोध से पहले विवेक, फिर सुख-शांति का नाश : विराग जी

### एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विशेष प्रवचन श्रृंखला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** क्रोध ऐसी बला है जो मनुष्य का विवेक नष्ट कर देती है। यह न केवल हमारे भीतर की शांति को भंग करता है, बल्कि स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। क्रोध आने के कई कारण हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अहंकार। मैं और मेरे की भावना। इसके अलावा असंतोष और अपेक्षाएं भी क्रोध का कारण बनती हैं। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में रविवार को श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। वे कषायों पर आधारित विशेष प्रवचन श्रृंखला के अंगर्तत धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, जब हम अपने आसपास की परिस्थितियों से संतुष्ट नहीं होते, तो क्रोध पैदा होता है। वे उदाहरण देते हुए कहते हैं, अगर किसी व्यक्ति की अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो वह भड़क उठता है। इसी तरह जब हम अपनी बात मनवाने की कोशिश करते हैं और दूसरा व्यक्ति हमारी बात नहीं मानता, तब भी हम तमतमा जाते हैं। अहंकार ही क्रोध की सबसे बड़ी वजह है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आने का सबसे बड़ा कारण भी यही है कि हम खुद को दूसरों से ऊपर मानते हैं। अहंकार में व्यक्ति को लगता है कि सिर्फ वही सही है। जबकि, ऐसा नहीं होता। गुस्से में व्यक्ति 100 प्रतिशत बार गलत होता है।

**क्रोध से दूसरों को तनाव देंगे और खुद भी तनाव में रहेंगे :** मुनि ने क्रोध के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, क्रोध के कारण व्यक्ति के रिश्ते बिगड़ सकते हैं। क्रोध में कही बातें हमेशा के लिए रिश्तों को तोड़ सकती हैं। इससे मानसिक तनाव भी बढ़ता है। कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इससे बचने का पहला उपाय है आत्म विश्लेषण। जब भी आपको क्रोध आए, एक पल के लिए रुकें। सोचें कि क्या इस स्थिति में क्रोधित होना उचित है? इस प्रकार आपको सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

**ध्यान से मन को शांति मिलेगी फिर क्रोध भी खुद शांत होगा :** मुनिश्री ने ध्यान और प्राणायाम का महत्व समझाते हुए कहा, इससे मन को शांति मिलती है। जब मन शांत होगा, तो क्रोध की भावना खुद-ब-खुद कम हो जाएगी। इससे न केवल आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होता है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य भी सुधारता है। सकारात्मक सोच अपनाना भी क्रोध से बचने का महत्वपूर्ण उपाय है। जब हम सकारात्मक सोचते हैं, तो नकारात्मक भावनाएं अपने आप कम हो जाती हैं। रोजाना सकारात्मक विचारों का अभ्यास करें। क्षमा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल हमें शांति मिलती है, बल्कि यह हमारे आत्मा को भी हल्का करती है। जब हम दूसरों को क्षमा करते हैं, तो हम अपने क्रोध को भी समाप्त कर देते हैं।

**कषायों पर विशेष प्रवचन जारी :** आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि दादाबाड़ी में जप-तप, साधना-आराधना जारी है। सुबह की धर्मसभा में श्री विराग मुनि क्रोध, लोभ, मान और माया पर प्रवचन दे रहे हैं। भक्तजन सुबह 8.30 बजे से दादाबाड़ी में प्रवचन लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपधान तप अब समापन की ओर है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग 51 दिन की तपस्या पूरी करने जा रहे हैं। इन सभी के लिए उचित व्यवस्थाएं लाभार्थी परिवार मुकेश, राकेश, राजेश बुरड़ परिवार की ओर से की जा रहीं हैं।

## राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे।निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा।इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। कमिश्नर ने की अपील-टैक्स जरूर पटाएं,शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है, इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें।

## जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** धरमजयगढ़ वनमंडल के बोरो परिक्षेत्र में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के समय 11 हाथियों का दल इलाके में घूम रहा था। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 25 हजारे रुपये की तत्कालिक सहायता दी है। घटना के बाद वन अमले को मानव-हाथी द्वंद की रोकथाम के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है। वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 नवंबर 2024 की सुबह वन परिक्षेत्र बोरो अंतर्गत 11 हाथियों का दल कमोसिनडांड परिसर के कक्ष कमांक 654 आर.एफकी ओर से आया और रामपुर गांव के रासकुरिया बस्ती किनारे राजस्व जंगल से पार हो रहा था। जिसे ग्रामीणों के द्वारा एक स्थल पर खड़े होकर शोरगुल करके भगा रहे थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रं./ 05 /न.पा.नि/15वें वित्त स्वच्छ सर्वे./2024-25/ बीरगांव, दिनांक 08/11/2024

**मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

निकाय द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण एवं जी.एफ.सी. हेतु नालियों में स्कीनिंग/जाली लगाने का कार्य (लागत राशि रू. 2.00 लाख) हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत, सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निर्धारित निविदा प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 (निविदा तिथि तक यथा संशोधित) से प्रतिशत दर पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाएं आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22.11.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 22.11.2024 सायं 5:00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29.11.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 29.11.2024 सायं 4:00 बजे। निविदा की सामान्य शर्तें, घरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**आयुक्त**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./15629/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 09-11-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15629**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00164** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DILIP KUMAR S/O RATILAL, MADHU W/O JITENDRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILIP KUMAR S/O RATILAL, MADHU W/O JITENDRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती प्रिती अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री बिपिन कुमार अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# शासकीय अस्पतालों को लेकर लोगों में विश्वास को करें और अधिक मजबूत: कलेक्टर जयवर्धन

### शत प्रतिशत रूप में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दिशा में करें कार्य

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज स्वास्थ्य विभाग के मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवा के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विभिन्न बीमारियों के रोकथाम, उपचार एवं उन्मूलन को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने मरीजों का चिकित्सकों और चिकित्सालयों में विश्वास को चिकित्सा सेवा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय अस्पतालों को लेकर लोगों में विश्वास को और अधिक मजबूत करें ताकि मरीज और अधिक विश्वास के साथ शासकीय अस्पतालों में अपना इलाज कराने आएं।




उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं साफसफाई के निर्देश दिए। इस बैठक में सीएमएचओ श्री के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम, डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने पीएम नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोग, टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार एवं इसके प्रति जागरूकता, सैंपल कलेक्शन, एन सी डी स्क्रीनिंग, लेप्रोसी उन्मूलन, मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति, हाट बाजार क्लीनिक योजना क्रियान्वयन, एएनसी पंजीयन की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा कर पागलपन और आत्महत्या के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस पर प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित समाज के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होना अति आवश्यक है। इसलिये उन्होंने उपस्थित संबंधितों को माइक्रो लेवल में प्लान बनाकर मासिक जानकारी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एन जी ओ के साथ समन्वय कर, योगा , मेडिटेशन और युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करने जैसे कार्य कर इस दिशा में प्रयास करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने इस दिशा में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के समस्त पात्र नागरिकों का शत प्रतिशत रूप में आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही गई। इसके अलावा उन्होंने चिरायु योजना की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य जांच की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल स्क्रीनिंग भी शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल, छात्रावासों और आंगनबाडियों के बच्चों का शतप्रतिशत रूप में आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उनके पालकों से भी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पारा मोहल्ले में एक ही प्रकार के मामले आने पर चिकित्सको को विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों मे हो रहे प्रसव के आकड़ों पर जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओ का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने महिलाओं का ए. एन. सी. पंजीकरण और एनीमिया मामलों की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने एवं प्रसव पश्चात बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों के बेहतर आर्थिक परिस्थिति एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए नियमित रूप से काउन्सलिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण समय पर करवाने के निर्देश दिए।

# बस्तामुक्त विद्यालय के खिलाड़ी छात्राओं का अलख सामाजिक गुणवत्ता मंच विश्रामपुर द्वारा किया गया सम्मान

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी छात्राओं का सम्मान अलख सामाजिक गुणवत्ता मंच के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं वनवासी कल्याण आश्रम सूरजपुर जिला प्रभारी गोपाल राम द्वारा किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सांस्कृतिक मंत्री रजवंती राजवाड़े, सुनीता व रिंकी राजवाड़े द्वारा संस्था में पधारे अतिथियों का



पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। शाला परिवार द्वारा चित्रकुमारी राजवाड़े आत्मजा श्री मुकुटमणी राजवाड़े तथा माता श्रीमती सावित्री राजवाड़े, कुमारी प्रीति सारथी आत्मजा श्री सोमार साय एवं माता श्रीमती सुनीता सारथी, प्रीति सारथी की मामी श्रीमती रागिनी तथा कुमारी वर्षा सिंह टेकाम आत्मजा स्वर्गीय श्री नोहर सिंह टेकाम माता श्रीमती सुमित्रा सिंह टेकाम का सम्मान गमछा–श्रीफल भेंट देकर तो वहीं सभी बच्चों को कॉपी–पेन, राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के सर्टिफिकेट व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष अंडर 14 आयु वर्ग अंतर्गत संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बालकों के साथ–साथ बालिका वर्ग में संस्था के बहुत सारे बच्चों ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक श्रीमती एम0 टोप्पो, रिजवान अंसारी, मध्याह्न भोजन सहायिका श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया सहित बाल कैबिनेट के पदाधिकारी सुनीता राजवाड़े, दीपक, कैलाश, घरभरन, रूपा सिंह, प्रमिला सिंह, योगेश सिंह तथा कलावती सक्रिय रहे।

# पाली पुलिस की वाहन दर्दनाक हादसा का हुआ शिकार

### एक एएसआई की मौत, आरोपी समेत तीन आरक्षक घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले की पाली पुलिस की स्कार्पियो वाहन दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर मौत हो गई, वहीं आरोपी समेत तीन आरक्षक घायल हो गए। इस घटना के बाद तत्काल घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला थाना क्षेत्र के ग्राम खंता के पास हुई है। हादसे के वक्त वाहन को गोपी नागवंशी चला रहा था कि वाहन वेंकटनगर रोड से गौरेला की ओर आने सड़क पर मेंढूका गाव के पास आज सुबह सड़क में उनके वाहन के सामने अचानक एक कुत्ते के आ जाने से चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कई बार पलटते हुए सड़क से काफी अंदर चले गई। दर्दनाक हादसे में पाली थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर विलायत हुसैन की मौके पर मौत हो गई, जबकि आरक्षक शैलेंद्र तंवर को गंभीर चोट आई। एक आरक्षक नारायण कश्यप और दो चालक ड्राइवर गोपी नागवंशी और वरमु चैहान को मामूली चोट आई है।

# विद्यालय एवं महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** गोविन्द नारायण जांगडे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, के मार्गदर्शन में आज श्री आनंद प्रकाश वारियाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में शासकीय महाविद्यालय रामानुजनगर एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया। शिविर में महाविद्यालय एवं विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी रामानुजनगर उपस्थित रहे। शिविर में श्री वारियाल ने विधिक सेवा दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय नि:शुल्क पहुंचे न्याय पाना भारत के हर व्यक्ति का अधिकार है, यदि आप अपना प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहते है या आपका कोई प्रकरण न्यायालय में लम्बित है तो आपकी गरीबी आप को न्याय दिलाने में रूकावट नहीं होगी क्योकि तहसील स्तरीय न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक नि:शुल्क न्याय दिलाने हेतु विधिक सेवा समितियों कार्य कर रही हैं। नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्रत्येक जिला न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यालय




संचालित हैं जहां किसी भी प्रकार की कानूनी सेवा या सहायता के लिए जाया जा सकता है। उन्होने आगे बताया कि अब न्याय तक पहुंच को आसान बनाने के लिए आनलाई आवेदन प्रस्तुत करने की व्यवस्था भी है आप नालसा के वेबसाईट या टोल नम्बर 15100 के माध्यम से घर बैठे भी नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आगे उन्होने आईटी एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तार से जानाकारी देते हुए बताया की किसी की फोटो एडीट कर किसी को भेजना या मोबाईल से किसी को धमकाना सोसल मिडिया या अन्य माध्यमों से किसी का पीछा करना अपराध की श्रेणी में आता है। मोबाईल / इंटरनेट के माध्यम भेजे गये फोटो विडियो या एसएमएस अपने मोबाईल से डिलीट करने से खत्म नही होते वह सर्वर मे सेव होते है जिसे जब चाहे निकाला जा सकता है इसलिए मोबाईल का उपयोग बड़ी सावधानी से करनी चाहिए मोबाईल का उपयोग पढ़ाई या अच्छी जानकारी प्राप्त करने का अच्छा साधन है। आगे उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम अधिनिय, बाल विवाह अधिनियम, नशा उन्मूलन, शिक्षा का भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान आदि उपस्थि विद्यार्थीगण न्यायाधीश श्री वारियाल से कई सारी सवाल पुछे और अपने जवाब प्राप्त किये। शिविर में अधिकार मित्र श्री बृजवासी सिंह, रोहित राजवाडे, सत्य नारायण सामिल रहे। वहीं आज 卐राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर शा. उ. मा. विद्यालय बिहारपुर, हाई स्कूल कालामांजन, हाई स्कूल लॉची, ग्राम पंचायत चितकबहरा, ग्राम पंचायत दवनकरा, ग्राम फटकपारा, ग्राम सिराई में अधिकार मित्र श्री चिरंजीव, सद्दाम हुसैन, पेयम सिंह, अक्षयवर गुप्ता, राम प्रसाद, नितेश साहू, अमन केरकेट्टा, कृष्णकांत, कु0 प्रियंका यादव, कांति सिंह, राजिया खान द्वारा उक्त स्थानों पर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवर पर जागरूता शिविर का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर ने ली पंचायत एवम ग्रामीण विकास योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** आज कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अंतर्गत पंचायत एवम ग्रामीण विकास योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा आदि के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, सर्व जनपद सीईओ तथा जिला पंचायत के सभी अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को शत प्रतिशत रूप में लागू करवाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों, निर्माणाधीन आवासो एवं पूर्ण हुए आवासों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जो आवास समय पर पूर्ण नहीं हुए हैं उनको समयसीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने इस योजना के लिए हितग्राहियों का शत प्रतिशत पंजीयन करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने



आवास निर्माण को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपदवार किए गए समीक्षा में जहां अपेक्षित उपलब्धि नहीं मिली है वहां शीघ्र लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों और विगत पूर्ण कार्यों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा करते हुए उन्होंने इसके अंतर्गत सभी गतिविधियों पूरी तन्मयता के साथ करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता योजना से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी को निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने स्वच्छता को बनाए रखने के लिए विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम को लागू करने के लिए कहा। ग्राम के गड्ढों को भरना, कूड़े का निपटान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण, सभी घरों से निकलने वाले गंदे पानी का निपटान, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि के माध्यम से स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला समूहों को उद्यमिता से जोड़ने और उनके आय में बढ़ोत्तरी करने के उपायों पर चर्चा की। इस योजना के माध्यम से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचा कर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के रूप में आत्म निर्भर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरएलएम से हितग्राही महिलाओं को जोड़ने और महिला समूहों के द्वारा सूरजपुर जिले में प्रोडक्ट निर्माण एवं ब्रांडिंग के माध्यम से कार्ययोजना बनाकर बृहद स्तर पर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं अटल पेंशन योजना, जल जीवन मिशन एवं ग्रामीण विकास की अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।


## संक्षिप्त समाचार

### ठेका श्रमिक का बोनस सहित 13 मांगों को लेकर श्रमिक संगठन एटक का तीन दिवसीय आंदोलन स्थगित



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) यूनियन के द्वारा गायत्री भूमिगत खदान के ठेका श्रमिकों के एरियर, बोनस सहित 13 सूत्रीय मांग के समर्थन में आगामी 14, 15 एवं 16 नवंबर को तीन दिवसीय काम बंद एवं कोयला परिवहन बंद हड़ताल का अव्वाहन किया था जिसके परिपेक्ष्य में प्रबंधन द्वारा दिनांक 7 नवम्बर को संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के साथ बैठक कर ठेका श्रमिकों की सभी समस्याओं पर चर्चा कर जल्द समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में ठेका श्रमिकों के एरियर एवं बोनस पर 30 नवम्बर 2024 तक भुगतान किये जाने की सहमति बनी। इसके पश्चात श्रम संघ के द्वारा मिनट्स जारी करने के पश्चात् प्रबंधन को आंदोलन स्थगित करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय कुमार तिवारी, महाप्रबंधक (संचालन) संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसकेपी शिंदे, सहक्षेत्र प्रबंधक (आरजीके) यूएन झा के साथ अनुपम दास कार्मिक प्रबंधक एवं विजय माहकूल सहायक कार्मिक प्रबंधक उपस्थित थे। श्रम संघ की ओर से बैठक में क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आरके द्विवेदी, मनोज कुमार, सलमान खान के साथ ठेका श्रमिक धर्मजीत, सोमार साय, झमन सिंह, राम पुकार देवांगन, मुरली धर सिंह, बालेश्वर राजवाड़े, राजेश यादव, श्यामलाल सिंह उपस्थित थे। उक्त जानकारी संगठन के केंद्रीय मंत्री नेता अजय विश्वकर्मा ने दी।

### भाजपा जिला अध्यक्ष व संगठनात्मक मंडल चुनाव अधिकारी बाबूलाल अग्रवाल 11 नवम्बर को शिवनन्दपुर मंडल के कार्यशाला में होंगे शामिल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** आज11 नवम्बर दिन सोमवार को बिँझिया सामुदायिक भवन जयनगर में प्रदेश संगठन एवं जिला संगठन के निर्देशन पर शिवनन्दनपुर मंडल का कार्यशाला आयोजित है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल चुनाव अधिकारी के रूप में शामिल होकर संगठनात्मक चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिन्झियाँ कर रहे हैं।आयोजित कार्यक्रम में शिवनंदनपुर मंडल के सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल ने किया पदभार ग्रहण



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** सरगुजा जिले के उदयपुर से स्थांतरित होकर सूरजपुर जिले के तहसील प्रेमनगर में चंद्रशिला जायसवाल ने तहसीलदार का पदभार ग्रहण कर लिया। नवागत तहसीलदार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हो और किसानों को उनके काम के कारण परेशान न होना पड़े। चंद्रशिला जायसवाल ने अधिवक्ता से मिलकर कहा कि वादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने का प्रयास किया जायेगा। सरकार की मंशा के अनुसार सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार किया जायेगा और शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता व न्याय संगत तरीके से धरातल पर कराने का प्रयास होगा ताकि शिकायतकर्ताओं को बार–बार तहसील के चक्कर न लगाना पड़े।और लोगों को सुविधाएं मिल सकें। उप तहसील उमेश्वरपुर के नायब तहसीलदार मीना सिंह का ट्रांसफर पिलखा हो जाने से प्रेमनगर तहसीलदार सप्ताह में एक दिन उप तहसील उमेश्वरपुर में बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगी। पदभार ग्रहण करने के बाद उनका

# संपादकीय

## बीमार समाज और खराब वातावरण...

दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में लगातार गिरावट जारी है। जो पांच सौ के पार जा चुकी है। वायु प्रदूषण के इस स्तर को खतरनाक से भी खतरनाक वाले स्तर पर बताया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार राजधानी के आसमान पर धूल की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का पीएम 2.5 बताया गया, जो वि स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से पैंसठ गुना अधिक खतरनाक पाया गया। इस गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि शून्य से पचास को अच्छा व 51 से सौ को संतोषजनक माना जाता है। जो बढ़ते-बढ़ते 401-450 के बीच गंभीर व 451 से ऊपर बेहद गंभीर माना जाता है। खबरें हैं कि उन्हें सन संबंधी समस्याओं के अलावा खांसी जैसी समस्याएं आम हैं। गले में खुश्की और खराश की शिकायतें भी खूब की जा रही हैं। दिवाली में जलाए गए पटाखों से उठा धुंआ भी इस अचानक खतरनाक हुई हवा का कारण बताया जा रहा है। पटाखों को प्रतिबंधित करने तथा लगातार जागरूकता फैलाने के बावजूद कोई खास असर होता नहीं नजर आ रहा। सारा दोष आतिशबाजी को देना उचित नहीं है क्योंकि दिवाली के साथ ही हवा की मंद पड़ती गति व लगातार स्मॉग बने रहने के चलते भी वायु प्रदूषण जानलेवा बन गया। दिल्ली-एनसीआर का यह इलाका प्रतिवर्ष इसी मौसम में देश भर में सबसे प्रदूषित के दायरे में आ जाता है। कहा जाता है कि इसके कारणों में वाहनों की हिस्सेदारी 16त्न से अधिक होती है। परंतु पराली के धुएं की भागीदारी बढ़कर 35त्न तक बढ़ गई थी। हरियाणा, पंजाब व उप्र से आने वाली हवाओं को इसका दोषी ठहराया जाता है। जब तक यह स्तर खतरनाक बताया जाता है, दोषारोपण भी उसी गति से बढ़ता रहता है। हवा की गुणवत्ता को सुधारने के प्रति न तो ठोस कदम उठाए जाते हैं, न ही इन चेतावनियों को गंभीरतापूर्वक लिया जाता है। वायु प्रदूषण के चलते इन इलाकों के आधे से अधिक बाशिंदों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें तो हैं ही। ढेरों लोग बेमौत मारे भी जाते हैं। विचारणीय है कि देश के 72 देशों में वायु गुणवत्ता खराब के दायरे में आने के कारणों की पड़ताल होनी चाहिए। हम अपनी आने वाली नस्लों को बीमार समाज और खराब वातावरण देकर किसी का भला नहीं कर रहे।

# महाराष्ट्र भी कहीं चल न पड़े हरियाणा की राह

उमेश चतुर्वेदी



महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए ! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी के हाथों मिली महायुति को शिकस्त के चलते यह उम्मीद लगाना बेमानी नहीं है कि कुछ ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनावों में भी आ सकते हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव बीते ज्यादा वक्त नहीं बीता है, लिहाजा माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के मिजाज में बहुत बदलाव नहीं आया है। हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को लेकर कुछ ऐसी ही उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन नतीजे उम्मीदों के ठीक उलट रहे। हरियाणा का नतीजा गवाह है कि अतीत की बुनियाद पर लड़े जाने के बाद अगले चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं हो सकते। इसकी वजह नाकाम रहने वाली राजनीति की अपनी गलतियां भी हो सकती हैं और सफ्ल होने वाली राजनीति की रणनीति भी। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए ! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। कांग्रेस और एनसीपी के सहयोग से मुख्यमंत्री रह चुके उद्धव ठाकरे खुद को स्वाभाविक रूप से अघाड़ी का अगुआ मान रहे हैं। लेकिन अंदरखाने में अपने दल को आगे रखने की हर गोटी फिट कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश खुद को आगे रखने की है। गठबंधन में अपने दल को आगे रखना गलत नहीं है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा किस कीमत पर हो रहा है? हकीकत तो यह है कि कांग्रेस कुछ वैसा ही कदम उठाने की सोच रही है, जैसा उसने 2005 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उठाया था। तब एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था और नतीजों में ज्यादा सीटें एनसीपी ने जीती थीं। लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद पर ना सिर्फ दावा ठोक दिया था, बल्कि विलासराव देशमुख को मुख्यमंत्री भी बनवा लिया था। जबकि ज्यादा सीटें हासिल करने के बावजूद एनसीपी सहयोगी की भूमिका में रह गई थी। अव्वल तो कांग्रेस इस बार ऐसी चालें चल रही हैं, ताकि उसके सबसे ज्यादा विधायक चुनाव जीतें। अगर ऐसा होगा तो उसके लिए मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोकना और उसे हासिल करना आसान होगा। लेकिन ऐसा नहीं भी हुआ तो वह 2004 को दोहराना चाहेगी। इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व की कोशिश उद्धव ठाकरे को दौड़ में पीछे छोड़ना है। कांग्रेस अपने चुनाव अभियान में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी का खयाल तो रख रही है, लेकिन शिवसेना-उद्धव के साथ वैसा तालमेल नहीं दिखा पा रही है। शरद पवार कांग्रेस से निकले हुए ही नेता हैं। उनकी वैचारिक धारा कांग्रेसी सोच के ही इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों दलों की राजनीतिक सोच ही नहीं, जमीन भी एक ही है। जबकि शिवसेना-उद्धव की राजनीतिक जमीन ही नहीं, सोच भी अलग है। उद्धव के वोटरों और कांग्रेस के वोटरों का मिजाज और जमीन भी अलग-अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर राज्य की 48 सीटों में से 13 पर कांग्रेस काबिज होने में कामयाब रही तो इसकी बड़ी वजह एनसीपी के वोटरों का सहयोग नहीं, बल्कि शिवसेना-उद्धव के वोटरों का साथ रहा। कांग्रेस के एक केंद्रीय नेता आपसी बातचीत में इस तथ्य को खुलकर स्वीकार भी करते हैं। वैसे भी समान वैचारिक राजनीतिक बुनियाद के चलते एनसीपी के प्रभाव वाले इलाकों में कांग्रेस और इसी तरह कांग्रेस के प्रभाव वाले इलाकों में एनसीपी ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। हकीकत यही है कि कांग्रेस और उद्धव या फ्रि एनसीपी और उद्धव के वोटरों के मिलन ने महाराष्ट्र की राजनीति में नई इबारत लिखी। लेकिन कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व इसे समझ नहीं रहा, बल्कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धड़े को ज्यादा तवज्जो दे रहा है। इस बीच शरद पवार ने इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास के संकेत दे दिए हैं। वैसे माना जा रहा है कि यह उनका जज्बाती दांव भी हो सकता है। माना जा रहा है कि संन्यास के संकेत के जरिए शरद मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके आखिरी चुनाव में उन्हें मौका दें। इसके जरिए वे एक तरफ वोटरों की हमदर्दी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफवे अजित पवार के खेमे को शिकस्त देने की कोशिश कर रहे हैं। एक बारगी मान भी लें कि पवार इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास ले ही लेंगे तो यह सवाल लाजमी है कि उनके बाद एनसीपी का क्या होगा। पवार चाहेंगे कि उनके बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले ही पार्टी की कमान संभालें। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं लगता। शरद के बाद पार्टी का बड़ा हिस्सा अजित पवार की ओर दौड़ लगा सकता है। जिसकी बात अजित से नहीं बनेगी, वह मजबूरीवश कांग्रेस की ओर जा सकता है। शायद एक वजह यह भी है कि महाराष्ट्र कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व उद्धव की बजाय शरद पवार की एनसीपी के साथ खुद को ज्यादा सहज महसूस कर रहा है। महाविकास अघाड़ी में इस वजह से अंदरूनी खींचतान बढ़ी हुई है। वोटरों का एक बड़ा इसे समझ भी रहा है। ऐसे में मतदान के दिन वोटरों का एक बड़ा अपना मन बदल ले और सत्ताधारी महायुति की ओर हाथ बढ़ा दे तो उसकी कीमत महाविकास अघाड़ी को ही चुकानी पड़ेगी। इस तथ्य को महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेनिथला गहराई से महसूस कर रहे हैं। इसलिए वे महाराष्ट्र की कांग्रेसी राजनीति को लंबे समय तक संभाल चुके नेताओं का सहयोग हासिल करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से गुहार लगा रहे हैं। ताकि हरियाणा जैसे नतीजों से बचा जा सके। वैसे कांग्रेस को उद्धव ठाकरे के स्वभाव को भी नहीं भूलना चाहिए। 2019 के विधानसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के साथ चुनाव लड़ा था। तब शिवसेना की सीटें कम आई थीं। इसके बावजूद वे मुख्यमंत्री बनने पर अड़ गए। जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और शरद पवार के प्रयासों से उद्धव को हाथ का साथ मिला और उद्धव मुख्यमंत्री बनने में कामयाब रहे। ऐसे में यह मान लेना कि अगर कांग्रेस की ज्यादा सीटें आई तो उसका ही मुख्यमंत्री बनेगा, गलत होगा। उद्धव खुद को ही मुख्यमंत्री के रूप में आगे करने से नहीं हिचकेंगे। जिस पद के लिए उद्धव को बीजेपी से दशकों पुराना गठबंधन तोड़ने में हिचक नहीं हुई, उसी पद के लिए भला वे कांग्रेस को कैसे वाकओवर दे देंगे। महाविकास अघाड़ी में एनसीपी-शरद ऐसा दल है, जिसे हर हाल में सत्ता चाहिए। एनसीपी को दो नंबर की पार्टी होने पर भी इसके लिए एतराज नहीं होगा। वैसे शरद के लिए फ्लिहाल पार्टी को बचाए रखना बड़ी चुनौती होगी। महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव नतीजों के हिसाब से देखें तो महाविकास अघाड़ी को 288 सदस्यीय विधानसभा में 153 सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी, जबकि महायुति को 126 सीटों पर बढ़त मिली। संख्या के लिहाज से यह अंतर ज्यादा लगता है। लेकिन विधानसभा चुनावों के चरित्र के लिहाज से देखें तो यह अंतर बड़ा नहीं है। आपसी राजनीतिक खींचतान और गठबंधन के अविश्वास इस अंतर को पाटने के सहयोगी औजार बन सकते हैं। फ्रि बीजेपी मराठा बनाम अन्य के लिहाज से जातीय समीकरण बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। ऐसे में अगर वह हरियाणा की तरफ फ्रि से बाजी मार ले तो हैरत नहीं होगी। महाविकास गठबंधन की आपसी खींचतान, कांग्रेस की अंदरखाने में उद्धव पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश बीजेपी को अपना लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकती है। महाराष्ट्र की राजनीति समझने वाले जानकार इस खींचतान और इसके भावी नतीजों को भांप भी रहे हैं।

# आलेख

## भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुत- भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने् की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इस्त्रइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडी'ज जैसी वैंकि एजेंसियां भी वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट-2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैंकि निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैंकि राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस, दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नये अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं। निस्संदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश-दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रहे हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है।

# राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया

भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए। हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फ़िशिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं। एक विशेष चुनौती सामने आई है डिजिटल अरेस्ट के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत ङ्क अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है। हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है। अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से रुको, सोचो और एक्शन लो का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और ष्४ड्ढद्गह्लष्ह्लद्बद्गद्ग.द्द्श1.द्बठ्ठ पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है। फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलोंङ्क लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है। साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवक समुदायों तक पहुंच रहे हैं और 'संचार साथी' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकर्ताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

# भारतीय रेलवे: पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित

ए.के.खंडेलवाल, सेवानिवृत्त सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड, पदेन सचिव, भारत सरकार

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफ्र कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं। सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2 प्रतिशत लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफ्र करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58प्रतिशत और अमेरिका में मात्र 0.09प्रतिशत है। भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफ्लताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है। यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब



वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी। इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं। लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति-उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिज़ाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक-दूसरे पर चढ़ने से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013-14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं। इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जब तक वस्तु को समझ न ले निर्णय नही करना चाहिए : आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** जयदु जिणिंदो महावीरों। आध्यात्म सरोवर के राजहंस, चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा की जब तक वस्तु को समझ न ले निर्णय नही करना चाहिए। जब घर घर मे चौका लगता है, तो धर्म की प्रभावना होती है। कोई मुनिराज आये तो मठ और मंदिर में चौका मत लगाना। आज कलयुग में भी इन श्रमणों के प्रति इस पंचमकाल में यह श्रावक कितनी आस्था रखते है। आप धर्म देखो, आप आडम्बर मत देखो। धर्म की प्रभावना देखो। कितनी सफाई हो जाये दीपावली पर, लेकिन दीपक न जले तो। ऐसे ही जिनके घर निर्ग्रंथ गुरु के चरण नही पड़े वह घर शमशान घाट है। नमोस्तु शासन जयवंत हो।



**पदार्थ और अवस्थाएं :** विश्व में पदार्थों की सत्ता त्रैकालिक है। कुछ पदार्थ स्व-स्वभाव स्वभाव भूत परिणमन करते हैं। वे धर्म अधर्म आकाश और काल हैं। कुछ पदार्थ दो पदार्थों के संयोग से परिणमन करते हैं, जिनके माध्यम से असमान-जातीय पर्यायों का नवीन नवीन जन्म होता है। दो पदार्थ संयोगी भाव से विभाव गुण युक्त हो जाते हैं। यद्यपि वे सब अवस्थाएँ हैं, फिर भी वे अवस्थाएँ लोक में नवीन द्रव्य संज्ञा को उपचार से प्राप्त हो जाती है। द्रव्य की इव्यता पर कोई विकल्प खड़ा नहीं किया जा सकता है। इस बात को विश्व के विचारकों को समझना चाहिए। वस्तु-स्वभाव स्व में ध्रुव है, पदार्थ परिणामी है, अपरिणाम है। द्रव्यत्व अपरिणामी है, उसकी अवस्थाएँ परिणामी हैं। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

### भव्य आगुवानी के मध्य पावागिरि की पावन धरा पर आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता जी का ससंघ शुभागमन



**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में टीकमगढ़ में चातुर्मास पूर्ण कर शुक्रवार को परमपूज्य आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता का ससंघ शुभागमन हुआ। आचार्य सुमति सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता जी, विश्वयश मति माता जी एवं क्षुल्लिका आत्ममति माता के पावागिरि आगमन पर क्षेत्र प्रबंध समिति के तत्वाधान में जैन धर्माबिलंबियों ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ जयकारे एवं सत्य अहिंसा के नारे लगाते हुए भव्य आगुवानी की एवं पाद पृच्छालन किया। प्रतिष्ठाचार्य बा.ब्र. अभिषेक भैया पवई, बा.ब्र. पारस भैया प्रशम एवं बा.ब्र. प्रिंस जैन टीकमगढ़ के निर्देशन में मंगल घटयात्रा के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारम्भ किया जिसमें मांगलाष्टक, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, जाप्यानुष्ठान, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकारण, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन की क्रियाएँ विधि विधान से संपन्न की गयी। दूसरे दिन शनिवार को त्रिकाल चौबीसी के मूलनायक भगवान मुनिसुव्रत नाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक किया गया। मंजीत एन्ड पार्टी भोपाल के मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ सिद्धों की आराधना कर द्विगुण-द्विगुण विधान में 48 अर्घ समर्पित किये। इस मौके पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता ने धर्म का मर्म समझाते हुए विशुद्धि पूर्वक सिद्धों की आराधना करने का आह्वान किया। रात्रि में मंगल आरती एवं शास्त्र प्रवचन का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया की सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में 8 से 15 नवंबर तक होने वाले सिद्ध चक्र महामंडल विधान के तीसरे दिन रविवार को 7:30 बजे अतिशय युक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक पारसनाथ स्वामी का नित्यमय अभिषेक शांतिधारा एवं चौंसठ रिद्धि विधान का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन क्षेत्र अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन पुरा एवं आभार व्यक्त अभिषेक जैन विरधा ने किया। **-विशाल जैन**

## दो दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी सम्पन्न

### 'प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन धर्म' विषय पर विद्वानों ने पढ़े आलेख

#### महावीर भगवान के निर्वाण के 683 वर्ष बाद हुई लेखन प्रक्रिया चालू : मुनि प्रणम्य सागर महाराज




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर आयोजित द्वि दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन धर्म का रविवार को समापन हुआ । इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वानों ने 50 से ज्यादा उपविषयो पर अपने आलेख पढ़े।

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि द्वि दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन धर्म में दूसरे दिन रविवार को सुबह के सत्र में कृष्ण जुगनू ने विभिन्न विषयों पर जैन शास्त्रों के बारे में बताया, वही अविनाश ने कमलदह मंदिर पटना के बारे में बताते हुए वहां की व्यवस्था के बारे में प्रसन्न चिन्ह लगाया और हो रहे भेदभाव पर ध्यान दिलवाया। हेमंत दबे ने गुजरात में जैन धर्म की प्राचीनता पर विवाद और विद्वता पर आलेख पढ़ा। मुनि श्री ने बताया कि गिरनार वो जगह जहां आचार्य धरसेन महाराज ने तपस्या की। वो गुफा आज भी धरसेन गुफा के नाम से जानी जाती है।महावीर भगवान के निर्वाण के 683 वर्ष बाद यह लेखन की प्रक्रिया चालू हुई।मुनि श्री ने कहा आप विद्वान लोग देख ले कि गुजरात में जैन धर्म कितना पुराना है।मुनि श्री ने कहा योग और ध्यान के माध्यम से हम सारनाथ, राजगृही इत्यादि जगह पर जैनत्व को पहुंचा सकते हैं। गोष्ठी के अंत में सभी विद्वतजनों का सम्मान किया गया।

समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र पाटनी, सदस्य अशोक छाबड़ा ने माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। स्मृति चिन्ह संगोष्ठी के संयोजक डॉ. रंजना जैन जबलपुर एवं डॉक्टर सत्येंद्र जैन ने प्रदान किया।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## भक्ति वह प्रक्रिया है जो हमारे जीवन में मुक्ति का आधार बनती है : मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** प्रभु की आराधना को जीवन का श्रेष्ठतम पल मानकर चलना चाहिए। भक्ति वह प्रक्रिया है जो हमारे जीवन में मुक्ति का आधार बनती है। उपरोक्त उदगार मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज ने संस्कृत भाषा में चल रहे श्री सिद्धचक्रमहामंडल विधान के तृतीय दिवस विजयनगर स्थित विजनिस पार्क के विशाल पांडाल में व्यक्त किये।



मुनि श्री ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान का क्रम दिन दूनी गति से आगे बड़ रहा है,कल 16 अर्घ समर्पित किये गये थे आज 32 अर्घ चड़ाऐ गये और आने बाले कल 64 अर्घ चड़ाये जाऐंगे। मुनि श्री ने कहा कि यह विधान हम सभी लोग इसलिये, सम्पादित कर रहे है जिससे व्यक्ती निराकुलता का जीवन जी सके तथा विश्व में सभी जीवों को शांति हो उन्होंने उपस्थित जन समुदाय एवं टी व्ही चैनल तथा प्रमाणिक ऐप के माध्यम से आशीर्वाद देते हुये कहा कि सभी के परिणाम निराकुल हों तथा संपूर्ण विश्व में मंगल का भाव जगा सकें। मुनि श्री कहा कि जैसै जैसे भक्ती का यह क्रम बड़ेगा त्यों त्यों भगवान के प्रति हमारी अनुरक्ति बढ़ेगी।

भक्ती की इस क्रिया को हम जितनी गहराई से करते है हमारी जीवन में उतना ही अधिक आनंद आता है, हम भगवान के साथ अपना एकात्म भाव जगाऐं तो ही हमारे जीवन का कल्याण सम्भव है। जितनी शुभ भावनाओं के साथ हम भगवान की प्राथना करते है उसका प्रत्यक्ष लाभ तो हम सभी को मिलता ही है,साथ ही इस विधान के माध्यम से विश्व में मंगल हो सभी जीव सुखी रहे की मंगल भावना के साथ सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आगामी 15 नवम्बर की विश्व के इतिहास में 108 रथों के साथ 108 श्री जी विराजमान होंगे तथा प्रत्येक रथ पर एक व्यक्ति बीच में श्री जी को लेकर बैठेगा अगल बगल में दो चंवर ढुलाते हुये इंद्र तथा एक सारथी होगा इस प्रकार चार लोगों को रथ पर बैठने की परमीशन रहेगी।यह एतिहासिक चल समारोह लगभग 4 कि. मी लम्वा होगा इंदौर के इतिहास में ऐसा पहला आयोजन है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। जुलूस की व्यवस्था के संयोजक जिनेश झांझरी एवं पवन सिंघई ने बताया कि राजस्थान मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के मंदिरों के भारी भारी सोने पालिस विजनिस पार्क विजयनगर में चल रहे इस आयोजन में तीसरे दिन की शुरुआत प्रात:6 बजे मुनि श्री के मुखारविंद से भावना योग से हुई। तत्पश्चात भगवान का अभिषेक तथा विश्वशांति की भावना से मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिमंत्रों के साथ शांतिधारा संपन्न हुई। नित्यनियम पूजन के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की तीसरी पूजा संपन्न हुई जिसमें 32 अर्घ चड़ाऐ गये तथा कल 64 अर्घ समर्पित किये जाऐंगे। जन सैलाब को देखते हुये पूरा पांडाल खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राहुल जैन प्रवक्ता अविनाश जैन ने अध्यक्ष अशोक रानी डोसी नवीन आनंद गोधा तथा महामंत्री हर्ष जैन ने इंदौर बासिओं से अपील करते हुये सभी से निवेदन किया है कि पांडाल में शुद्धी बनाये रखें। **-अविनाश जैन**

## आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 : पंचाह्निका महोत्सव के तीसरे दिन धरती के भगवान माता-पिता की हुई वंदना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के तीसरे दिन भूतल के भगवान: मातृ पितृ वंदना का कार्यक्रम भक्तिभाव पूर्वक हुआ। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि माता और पिता जो इस भूतल के भगवान है, इस धरती पर भगवान है ऐसे माता-पिता की संवेदना में आज हमें डूबना है। माता-पिता ने जो हमारे लिए बलिदान दिया है, हमें जिस लायक बनाया है, ऐसे माता-पिता को हमें वंदन बारंबार करना चाहिए।




चातुर्मास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पुखराज मुणोत एवं महासचिव सुरेश बरडिया ने बताया कि मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म. सा, मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म. सा, साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 10 नवंबर को यह आयोजन संपन्न हुआ। रविवार सुबह चतुर्विद संघ के परम निश्रा में माता-पिता की महिमा का गुणगान किया गया। हम परमेश्वर को देख नहीं सकते किंतु इस धरती पर भगवान तुल्य माता-पिता जो हमारे समक्ष है उन्हें हम नमन वंदन करें। ऐसा व्यवहार रखें कभी भी उनके मन को ठेस नहीं पहुंचे हमें अपने बुजुर्ग माता-पिता की हर ख्वाहिश को ध्यान में रखकर पूरा करना चाहिए, जिन्होंने अपना जीवन हमें पाल-पोश कर बड़ा करने में लगाया है।

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा गायन के साथ मातृ वंदना पर नाट्य प्रस्तुति दी गई। मंच में पांच सिंहासन जिन में वीर सिंहासन, पार्श्व सिंहासन, ऋषभ सिंहासन, श्रवण सिंहासन और गणेश सिंहासन में पांच लाभार्थी परिवारों ने अपने माता-पिता को विराजित किया एवं शेष सभी ने व्याख्यान पंडाल में अपने माता-पिता का दूध, जल से प्रक्षाल किया एवं तिलक कर चरणों को अपने मस्तक से लगाए। इस अवसर सभी के आंखों में आंसू से काफी भावुक कर देने वाला पल था।

संगीतकार हर्षित मुंबई ने माता-पिता पर अपने भजनों से वातावरण को करुणामयी बना दिया। इस मौके पर तीन दिवसीय उजामन प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का लाभ आजीवन रात्रि भोजन का त्याग करने वाली मंजू कोठारी को प्राप्त हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी दर्शन, ज्ञान, चारित्र के सामग्री की लगाई गई है। सभी श्रावक-श्राविकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## स्वस्तिधाम में होगा आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज एवं स्वस्तिभूषण माताजी का महासमागम

**स्वस्तिधाम जहाजपुर ( विश्व परिवार )।** संपूर्ण विश्व की एक अनुपम कृति स्वस्तिधाम जहाजपुर जहां पर सोमवार की अनुपम बेला में 11 नवंबर को एक अलौकिक इतिहास रचने जा रहा है। सभी की निगाहें 11 नवंबर की बेला में होने जा रहे इस आयोजन को लेकर टिकी हुई है। जी हां यह पल है परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर महाराज का मंगल आगमन स्वस्तिधाम जहाजपुर में जिसको लेकर क्षेत्र कमेटी काफी उत्साहित नजर आ रही है। यह द्वितीय अवसर होगा जब पूज्य आचार्य श्री एवं पूज्य माताजी का महा समागम होगा। वह क्षण कितना पावन एवं अलौकिक होगा जब पूज्य आचार्य श्री स्वस्तिधाम में विराजित भगवान मुनिसुवृतनाथ को एक टक निहारेंगे। उससे पूर्व वह क्षण कितना अलौकिक होगा जब पूज्य गुरु मां आचार्य श्री की मंगल अगवानी करेगी सचमुच एक ऐतिहासिक क्षण हम सभी को देखने को मिलेंगे। और देखा जाए सोमवार का दिन तीन अमूल्य सहयोग ला रहा है। जी हां हफ्ते का प्रथम दिन सोमवार, तारीख 11, और स्वस्ति धाम तीर्थ निश्चित रूप से होना तो मंगल ही है क्योंकि स्वस्ति का अर्थ भी मंगल है। वह क्षण कितना अलौकिक होगा जब पूज्य गुरु मां आचार्य श्री की भक्तिभाव के साथ मंगल अगवानी करेगी और उन्हें नमोस्तु निवेदित करेगी इतिहास के पन्नों पर वह क्षण अलौकिक एवं अविस्मरणीय होने वाले हैं। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**




## जलाराम बापा की जयंती के शुभ अवसर पर युवा मंडल द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जलाराम जयंती के शुभ अवसर पर श्री लोहाणा युवा मंडल द्वारा दिनांक 08 नवंबर को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें यह शोभा यात्रा रायपुर जयस्तंभ चौक से इनडोर स्टेडियम पहुंची जहां पर धार्मिक आयोजन हुआ जिसमें समाज की छोटी-छोटी बालिकाओं ने कलश लेकर शोभा यात्रा पूर्ण की इस वर्ष विभिन्न गुजराती समाजों ने शोभायात्रा का स्वागत भी किया तथा आरती के पश्चात सभी छोटे बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किया गया। श्री लोहाणा युवा मंडल के अध्यक्ष विशाल भाई ठक्कर सचिव कल्पेश भाई पारेख कोषाध्यक्ष दीपेश भाई पारपाणी तथा अन्य सदस्य दीपेश भाई गंडेचा विशाल भाई पारपाणी चिराग भाई लखानी हार्दिक भाई पोपट सुमित भाई नथवानी श्याम भाई मोदी कुशल भाई पारेख मयूर भाई बरछा तथा राहुल भाई गढ़िया की उपस्थिती में संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन की सफलता के लिए लोहाणा युवा मंडल लोहाणा महाजन परिवार का आभार व्यक्त किया।



## धर्म करो इसी शरीर के माध्यम से (पुरुषार्थ करके) भगवान बना जा सकता है : मुनि श्री शाश्वत सागर जी महाराज

**कोटा ( विश्व परिवार )।** दिनाक 11 नवम्बर अष्टानिका पर्व व श्री इन्द्रध्वज मण्डल विधान के तीसरे दिन नसिया जी जैन मंदिर दादाबाड़ी कोटा में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 शाश्वत सागर जी महाराज प्रवचन में कहा श्रावक जब भक्ति पूर्वक देव शास्त्र गुरु की भक्ति करता है तो भगवान बनने के समीप पहुंच जाता है लेकिन संसार में जाता है तब सब भूल जाता है गृहस्थ का जीवन गज स्नान के समान हो जाता है इसके लिए मंदिर की क्रियाओं में समय बढाकर इस संसार से मुक्त होना है मंदिर आने का लक्ष्य संसार बढाना नहीं होना चाहिए उम्र निकलते समय नही लगता इसलिए समय रहते धर्म कर लेना चाहिए किसी से बैर रखना नहीं वरना नरको में दुख भोगना पड़ेगा शत्रुता नरको में भी खत्म नहीं होगी धर्म करो इसी शरीर के माध्यम से भगवान बना जा सकता है पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है धर्म जवानी में कर लेना चाहिए बुढापे में तो शरीर ही साथ नहीं देगा मंदिर में अभी जो विधान चल रहा है बडा आनन्द आता हे ऐसे आयोजन से धर्म प्रभावना बढती है। अपने परिवार का भला करना चाहते हो तो परिवार के साथ पूरा परिवार एक साथ धर्म करो विधान करो एक साथ यात्रा करो परिवार का साथ में धर्म करने पर स्वर्गो में भी परिवार के साथ ही रहोगे।



अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष श्री जम्बूप्रसाद जैन नसियाजी पधारे कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया। म राजेंद्र हुकम काका हरसोरा एवं महावीर मित्तल परिवार ने बड़े बाबा शान्तिधारा की।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## आंवला नवमीं पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**रायपुर ( आरएनएस )।** अक्षय नवमी या आंवला नवमी का पर्व के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने के बाद वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से भगवान विष्णु और भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है, जिससे घर में धन, संपत्ता, यश, वैभव, अच्छा स्वास्थ्य व सम्मान आता है। ऐसे में इस पर्व को हमारे क्षेत्र में भी बड़े भक्तिभाव व आस्था से मनाया जाता है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर्व पर पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने से मनचाही इच्छा पूरी होती है इस दिन किए जाने वाले दान का पुण्य कभी क्षय नहीं जाता इस दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ आंवला पेड़ की पूजा करने का विधान है। आज के ही दिन भगवान विष्णु ने कुष्मांडक दैत्य को मारा था, जिसके रोम से कुष्मांड-सीताफ्ल की बेल निकली थी, इसीलिए इसे कुष्मांडक नवमी भी कहा जाता है। यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भारतीय संस्कृति का पर्व है क्योंकि आंवला पूजन पर्यावरण के महत्व को दर्शाता है और इसके प्रति हमें जागरूक भी करता है।

## छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से हो रहा है क्रियान्वयन

#### छत्तीसगढ़ में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना लगभग सवा करोड़ मरीजों की ओपीडी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य बजट को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रूप से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तर पर डीकेएस और मेकाहारा जैसे अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हो रहे हैं तो वहीं संभाग स्तर पर सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों का कार्य निरंतर जारी है। इसी तरह से जिले और ब्लाक स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर राज्य के लोगों की सेहत का विशेष ध्यान रख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की सामान्य जानकारी एवं रोगों के घरेलू उपचार तथा औषधियों की जानकारी प्रदान करने में बेहद मददगार साबित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत संपूर्ण 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे मरीजो को लगातार लाभ मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जनसामान्य को दैनिक योगाभ्यास हेतु प्रेरणा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि मरीज शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहें। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा निरंतर मरीजों का इलाज किया जा रहा है एवं उनकी देखभाल की जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल से लोगों को लगातार लाभ भी मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना 1 करोड़ 38 लाख ओपीडी और मासिक 3 लाख एनसीडी मरीजों का इलाज हो रहा है जो अपनी सफलता की कहानी स्वयं बयां करता है।




आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली मुख्य 12 स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन तथा तीव्र साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं। इसी तरह से गैर संचारी रोगों की जांच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं की देखभाल, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, वृद्धजन एवं उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य बीमारियों की जांच और बुनियादी प्रबंधन जैसी सेवाएं भी शामिल हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### युवती से रेप करने वाला आरोपी गिरफ़्तार

**बस्तर(विश्व परिवार)।** जिले में एक युवती से उसके परिचित युवक ने ही रेप कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवती लामनी पार्क घूमने गई थी। लौटते समय परिचित युवक मिला जिसने घर छोड़ने की बात कही। लिफ्ट दिया, जंगल में लेकर गया। जहां उसकी खूब पिटाई की। जिसके बाद उसका रेप कर दिया। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, युवती ने पुलिस को बताया की 7 नवंबर को वह जगदलपुर के लामनी पार्क घूमने गई थी। वापसी के दौरान कोई वाहन नहीं थी। वहीं उसके पहचान का एक युवक राजू नायक उसे मिला। उसने कहा कि मैं बाइक से घर छोड़ देता हूं। पहचान का युवक था इसलिए उसके साथ बैठकर घर के लिए निकल गई। युवती का कहना है कि घर ले जाने की बजाए युवक उसे करकापाल के जंगल लेकर गया। फिर वहां उसकी पिटाई किया। जिसके बाद उसने जबरदस्ती उसका रेप कर दिया। रेप के बाद उसे वहीं छोड़कर चला गया। किसी तरह युवती घर पहुंची। थाना प्रभारी लीलाधर रौठार ने बताया कि, युवती की शिकायत के बाद अब पुलिस ने आरोपी युवक राजू को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

### तेल के ट्रक में लगी भीषण आग

**बोड़ला(विश्व परिवार)।** शनिवार तड़के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रायपुर-जबलपुर एनएच-30 पर सिंघनपुरी के पास सरसों तेल से भरे ट्रक में लग गई। ट्रक चालक -परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई और डायल 112 को फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची, लेकिन ट्रक को जलने से नहीं बचा जा सका। सरसों का तेल लेकर राजस्थान से रायपुर ले जा रहे थे। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित सिंघनपुरी के पास सरसों तेल से भरे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जेसी 0201 में शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। ट्रक में आग लगने की जानकारी पास से गुजर रहे वाहन चालकों ने ट्रक रुकवा कर दी। चालक थान सिंह - परिचालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई है। ट्रक चालक ने डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी। मौके पर डायल 112 पुलिस टीम पहुंचकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन ट्रक बुरी तरह जलकर खाक हो गया है। पुलिस मामले पर जांच में जुट गई है।

### जाब कार्ड अपडेट करते हुए कार्यस्थलों पर मनाया गया रोजगार दिवस

**बैकुण्ठपुर(विश्व परिवार)।** कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गुड गवर्नेंस के लिए निर्धारित मानकों पर कार्यवाही करते हुए रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक माह की सात तारीख को ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस मनाया जाता है। इस बार ग्राम रोजगार दिवस के अवसर पर गुड गवर्नेंस के मानक बिंदुओं पर कार्यवाही करते हुए ग्राम रोजगार दिवस मनाया गया। कार्यस्थलों पर ही पंजीकृत श्रमिकों के जाब कार्ड का अद्यतनीकरण करने की कार्यवाही पूरी की गई। उन्होने बताया कि गुड गवर्नेंस के सभी चार मानक बिंदुओं के आधार पर मानक सूचना पटल, पंजी संधारण, नश्ती संधारण और सभी पंजीकृत श्रमिकों के जाब कार्ड का अपडेशन का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए गत दिवस आयोजित हुए ग्राम रोजगार दिवस पर जाब कार्ड को अपडेट करने का कार्य किया गया। जिला पंचायत सीइओ डॉ आशुतोष ने आगे बताया कि ग्राम रोजगार दिवस के अंगर्तत जनपद पंचायत सोनहत और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पंजी संधारण के साथ शत-प्रतिशत जाब कार्ड के अद्यतनीकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने आगे बताया कि वर्तमान में मनरेगा योजनांतर्गत सभी कार्यों में कार्य आरंभ होने के साथ ही मानक सूचना पटल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही श्रमिकों के सभी रिकार्ड के साथ कार्य का विवरण रखी जाने वाली सभी सात पंजियों को अद्यतन रखा जा रहा है। कार्य की मांग के आधार पर संचालित इस महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता के लिए राज्य के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस के सभी मानकों को यथावत पालन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में गत दिवस जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम रोजगार दिवस में इस बार जाब कार्ड का अपडेशन करने की कार्यवाही कराई गई है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरण देव एवं विनायक गोयल ने रौपे पौधे



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में पार्षद संजय पांडे के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा अटल उद्यान में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव सहित चित्रकोट के विधायक विनायक गोयल शामिल हुए । विधायक किरण सिंहदेव ने सल्फी का पौधा , विनायक गोयल ने कार्डिया सब्सटिना, महापौर ने पारिजात एवं संजय पांडे ने अपने पिता की स्मृति एवं माता के नाम में शमी एवं पारिजात के पौधे का रोपण किया । वार्ड वासियों ने भी अपनी बुजुर्गों की स्मृति में चंदन नारियल बेल नीम मौलकनेर स्वर्ण चम्पा आँवला रबर आदि प्लांटों का पौधारोपण किया ।विधायक किरण देव एवं अन्य अतिथियों ने वार्ड पार्षद एवं प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे के माता पिता के नाम पर भी पौधारोपण किया । पौधा रोपण के बाद विधायक किरण देव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में 55 लाख रूपए से नवनिर्मित अटल उद्यान का अवलोकन किया । उन्होंने पार्षद संजय पांडे की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्षद के रूप में संजय ने अपने पूरे वार्ड को सबसे सुंदर वार्ड में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी। अटल उद्यान इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक सौग़ात है। किरण देव ने अटल उद्यान के निर्माण पर कहा कि इस सर्व सुविधा युक्त उद्यान के लिए वह संजय पांडे को बधाई प्रेषित करते हैं। इस उद्यान के निर्माण वार्ड वासियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद लाभदायक सिद्ध होगा ।उन्होंने पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वह भी अपने अपने वार्डो में अटल उद्यान की तर्ज पर उद्यान विकसित करें । विधायक विधायक गोयल ने कहा कि वह इस वार्ड के विकास के संबंध में जो भी माँग वार्ड वासियों की होगी वह उसे कराने का पूरा प्रयास करेंगे ।अपने संबोधन में कहा कि अटल उद्यान के लोकार्पण कार्यक्रम में वह स्वास्थ्य कारणों की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे। परन्तु अब उन्हें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण का अवसर प्रदान किया गया ।पेड़ ही वर्तमान में हो रहे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से हमें बचा सकते हैं । वार्ड वासियों ने दोनों अतिथियों से अटल उद्यान में स्थापित ओपन जिम पर शेड निर्माण और हाई मास्क लाइट की मांग की। जिसका विधायक विनायक गोयल ने वार्ड वासियों को प्रस्ताव भेजने पर मंडी बोर्ड मद से राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। पार्षद संजय पांडे ने अपने संबोधन में आगंतुक सभी अतिथियों और वार्ड वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि इस अटल उद्यान के निर्माण में विधायक , महापौर, अमृत मिशन और पार्षद निधि के तरह विकास कार्य करवाए गए हैं ।

# मानसिक,शारीरिक विकास के लिए खेल एक माध्यम - किरण देव

**खेलों के माध्यम से बस्तर के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास**




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** सीएम विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है ।इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है ।बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में ब्लाक,जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में विकासखंड में जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जगदलपुर ब्लाक में विधायक किरण देव द्वारा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। उन्होंने फुटबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी और फुटबॉल को किक मारकर गोल करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष की पिटाई के बाद बलौदाबाजार में तनाव

**भाजपा नेताओं ने घेरा थाना, टीआई और दो आरक्षक सस्पेंड**

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** जिले में एक बार फिर विवाद बढ़ गया है। नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा की पुलिस कर्मियों द्वारा कथित रूप से पिटाई के बाद जिले में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के अनुसार, थाने के सामने सड़क पर तेज आवाज में गाना बजाने और दोस्तों के साथ नाचने के कारण पुलिस और अध्यक्ष के बीच विवाद हुआ। यह विवाद मारपीट तक पहुंच गया, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने वर्मा की पिटाई कर दी। घटना के बाद, देर रात बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पलारी थाने के बाहर जमा हो गए। रात के करीब दो बजे तक थाने के बाहर हंगामा जारी रहा, जिसके परिणामस्वरूप थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा और दो आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया। बलौदाबाजार एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह आदेश जारी किया। पलारी पुलिस के अनुसार, भाजपा नेता और नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा मुख्य सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी कर दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें मना करने पर विवाद बढ़ गया और फिर मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। एसपी द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी डीएसपी राजेश अवस्थी मामले की जांच करेंगे। जिला भाजपाध्यक्ष सनम जांगड़े के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाई थाने के बाहर जमा हुए और दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, और पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# आदिवासी बालिका छात्रावास की छात्रा हुई गर्भवती, छुट्टी से लौटी थी हॉस्टल

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में पढ़ने वाली छात्रा गर्भवती हो गई है। छात्रा 12वीं में पढ़ाई करती है और दशहरा व दीपावली की छुट्टी पर घर गई थी। जब लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई। जानकारी के मुताबिक, अक्टूबर में दशहरा और दिवाली की छुट्टी में छात्रा अपने घर गई थी। 5 नवंबर को जब वो एकलव्य हॉस्टल लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई, जिसके बाद हॉस्टल में हड़कंप मच गया। छात्रावास की अधीक्षिका ने उसे वापस अपने घर भेज दिया है। दरअसल, हॉस्टल में नियम है कि अगर कोई छात्रा लंबे समय तक छुट्टी पर रहती है तो लौटने पर उसका अनिवार्य रूप से मेडिकल कराया जाता है। इसी के तहत छात्रा का मेडिकल कराया गया था। फिलहाल, छात्रा कैसे गर्भवती हुई इसकी जांच की जा रही है। इस मामले में अफसरों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला है क्या... जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# समुह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजनान्तर्गत लगे तिलहनी फसलों का कृषि वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन अंतर्गत समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के तहत दंतेवाड़ा जिले में तिलहनी फसलों का प्रदर्शन लगाया गया हैं। इस संबंध में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से आये वैज्ञानिक डॉ. जी. पी. आयाम, डॉ. एन. सी. मंडावी एवं डॉ. एन. नाग ने कटेकल्याण ब्लाक के गाटम गांव में 12 एकड़. में प्रदर्शित रामतिल फसल का अवलोकन करते हुए कृषकों से सीधे संवाद किया। इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में तिलहनी फसलों की रकबा क्षेत्र विस्तार हेतु मूंगफली 40 हेक्टेयर एवं रामतिल 30 हेक्टेयर में किसानों के खेत में प्रदर्शन लगाया गया है। इस तिलहनी फसल का किसान अपने घरेलू उपयोग के साथ-साथ बाजार में विक्रय कर सकेंगे जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। इस निरीक्षण में कृषि वैज्ञानिक डॉ. आयाम ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि फसलों को समय पर कतार बुआई करने के अलावा पानी एवं पोषक तत्व प्रबंधन समय में करे। जिससे मौसम की बदलाव का प्रभाव कम पड़े. एवं अधिक उपज प्राप्त हो। इसके साथ ही उन्होने कहा कि कृषक इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों का सलाह मश्वरा अवश्य करे।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर सिमडेगा में खोलेंगे मेडिकल कॉलेज : केदार कश्यप

**झारखंड में घुसपैठियों को पनाह दे रहे हैं हेमंत सोरेन**




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** झारखंड विधानसभा के चुनाव में आदिवासी बाहुल्य चार विधानसभा क्षेत्रों के कलस्टर प्रभारी बनाए गए छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में धुंआधार प्रचार कर रहे हैं। प्रखर वक्ता केदार कश्यप को सुनने के लिए उनकी सभाओं में भारी भीड़ उमड़ रही है। बस्तर संभाग से कई नेता और कार्यकर्ता भी उनके साथ झारखंड गए हुए हैं। मंत्री एवं बस्तर के युवा आदिवासी नेता केदार कश्यप को झारखंड विधानसभा के चुनाव में सिमडेगा, खूंटी, तोरपा समेत चार आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों का कलस्टर प्रभारी बनाया गया है। वे आदिवासी बेल्ट के मतदाताओं का दिल जीत रहे हैं। केदार कश्यप लगातार चारों विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क करने के साथ ही चुनावी सभाओं को भी संबोधित कर रहे हैं। मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के कुल्लूकेरा में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के पक्ष में मतदान करने की अपील की श्री कश्यप ने सभा में कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में किसानों, आदिवासियों, युवाओं और महिलाओं के हित में काम कर रही है, छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास कर रहा है, उसी तरह झारखंड में भी भारतीय जनता की सरकार बनने पर सभी को लाभ मिलेगा। जिस तरह हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ की माता बहनों के लिए महतारी वंदन योजना शुरू कर हर माता बहन को प्रति माह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता दे रहे हैं, वैसी ही योजना झारखंड में भी भाजपा सरकार लागू करेगी। इसके अलावा किसानों की उपज की वाजिब कीमत दी जाएगी। श्री कश्यप ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सिमडेगा में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा और सिमडेगा को रेलमार्ग के जरिए सीधे राजधानी रांची से जोड़ा जाएगा।

### जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जारी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर 2024 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा 55 - बिन्द्रानवागढ़ के 300 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत 28 नवम्बर 2024 तक मतदान केन्द्रों में दावा - आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम, जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मतदान केंद्रों में लगाए गए विशेष शिविर में मतदाता सूची से संबंधित नाम जोड़ने एवं संशोधन का कार्य किया गया। अभियान के तहत 10, 16 एवं 17 नवम्बर 2024 को भी सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## व्यापार समाचार

## बारसील को तेलंगाना सरकार ने दिया सर्वोत्तम सेवा कंपनी पुरस्कार, रेलवे इंजीनियरिंग में नया कीर्तिमान

**हैदराबाद( एजेंसी )।** रेलवे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाने वाली कंपन बारसील (बालाजी रेल रोड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड) को तेलंगाना सरकार ने सर्वोत्तम सेवा कंपनी पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार मध्यम उद्योग श्रेणी में कंपनी के उत्कृष्ट योगदान के लिए तेलंगाना के आईटी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीधर बाबू द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान राजस्थान की माटी से उभरी कंपनी के लिए गर्व का अवसर है, जिसने देश-विदेश में अपनी श्रेष्ठ सेवाओं से पहचान बनाई है। चार दशक पहले स्थापित हुई बारसील ने अपनी नवीनता, सटीकता और गुणवत्ता के दम पर 22 से अधिक देशों में सफलतापूर्वक परियोजनाओं का संचालन कर एक अद्वितीय मुकाम हासिल किया है। इस पुरस्कार ने बारसील की टीम के समर्पण और मेहनत को सम्मानित किया है और कंपनी की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उसके संकल्प की पुष्टि की है। बारसील के प्रबंध निदेशक सुनील श्रीवास्तव ने इस पुरस्कार को कंपनी की टीम के सामूहिक प्रयास का प्रतीक बताया और कहा, यह पुरस्कार हमारे प्रयासों और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी टीम की मेहनत और नवाचार ने हमें इस उपलब्धि तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बारसील ने एशिया, अफ्रीका और अन्य वैश्विक क्षेत्रों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डिज़ाइन, निर्माण, प्रोजेक्ट प्रबंधन और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में इसकी विशेषज्ञता ने इसे रेलवे कनेक्टिविटी में एक नए दृष्टिकोण के रूप में उभारा है। बारसील भविष्य में भी उत्तम समाधान प्रदान करते हुए नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। तेलंगाना सरकार द्वारा दिए गए इस सम्मान से प्रेरित होकर बारसील नई ऊंचाइयों को छूने और रेलवे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पुरस्कार न केवल पिछले कार्यों का सम्मान है, बल्कि भविष्य की ओर एक नई प्रेरणा भी है। बालाजी रेलरोड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (बारसील) का मुख्यालय हैदराबाद में है और यह एक प्रमुख रेलवे इंजीनियरिंग सलाहकार कंपनी है। डिज़ाइन, निर्माण और प्रोजेक्ट प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ, बारसील ने 22 देशों में अपने सफल प्रोजेक्ट्स के जरिए वैश्विक रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार और गुणवत्ता का प्रतीक स्थापित किया है।

## नोएडा एयरपोर्ट के संचालन के लिए विंड और सोलर एनर्जी की आपूर्ति करेगी टाटा पावर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टाटा पावर ने ऐलान किया कि कंपनी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। इसके तहत कंपनी सोलर और विंड एनर्जी की आपूर्ति के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर जरूरी स्मार्ट एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगी। इस एग्रीमेंट के तहत टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड 10.8 मेगावाट एनर्जी एनआईए को आपूर्ति करेगी। टाटा पावर की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कंपनी ड्राई यूटिलिटीज को विकसित करेगी। इसमें जरूरी इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर और 25 वर्षों तक संचालन एवं ऑपरेशन शामिल है, जिससे एयरपोर्ट की स्मार्ट एनर्जी जरूरतों को पूरा किया जा सके। टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) इस साझेदारी में सबसे आगे होगी, संपूर्ण रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो इंटरफेस का प्रबंधन करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि एनआईए की स्वच्छ ऊर्जा जरूरतों को एक व्यापक पावर खरीद समझौते (पीपीए) के माध्यम से पूरा किया जाए। टाटा पावर के एमडी और सीईओ, प्रवीर सिन्हा ने कहा कि टाटा पावर को रिन्यूएबल एनर्जी इंटीग्रेशन को आगे बढ़ाने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। जैसे-जैसे राष्ट्र अपने एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ा रहा है, हम क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदान करके इस कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं। यह सहयोग नेट जीरो एयरपोर्ट्स के विकास का समर्थन और लाखों भारतीयों को सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे देश हरित भविष्य की ओर तेजी से बढ़ेगा।

## सैमसंग ने गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 पर पेश किए अब तक के सबसे धमाकेदार फेस्टिव आफर्स!

**गुरुग्रामः** भारत के सबसे बड़े कंज्यूडुमर इलेक्ट्रॉसनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन्सगैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 पर अब तक के सबसे शानदार फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी Zफोल्ड6 अब 144999 रुपयेमें उपलब्ध है, जबकि इसकी असल कीमत 164999 रुपये है। साथ ही, ग्राहक 24 महीने की नो-कॉस्ट9 ईएमआईका फायदा भी उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी Z फ्लिप6 की कीमत अब 89999 रुपये है, जो पहले 109999 रुपये थी, और यह भी 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआईके विकल्प के साथ आ रहा है।जिन ग्राहकों को ईएमआई का विकल्प चाहिए, वे गैलेक्सी Z फ्लिप6 को 2500 रुपये प्रति माहऔर गैलेक्सी Z फोल्ड6 को 4028 रुपये प्रति माहकी आसान किस्तों में खरीद सकते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है, जिससे फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता प्रीमियम फोल्डेबल स्मार्टफोन का अनुभव पा सकें। गैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 खरीदने वाले ग्राहकों के लिए एक शानदार मौका है। सीमित समय के लिए, ग्राहक सिर्फ999 रुपयेमेंगैलेक्सी Z एश्योरेंस प्रोग्रामका लाभ उठा सकते हैं। यह प्रोग्राम डिवाइस की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। गैलेक्सी Z फोल्ड6 के लिए इस प्रोग्राम की असल कीमत 14999 रुपयेऔर गैलेक्सी Z फ्लिप6 के लिए 9999 रुपये थी। Z एश्योरेंस के तहत ग्राहकएक साल में दो क्लेमका लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनका अनुभव पूरी तरह से चिंता-मुक्त रहेगा। गैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 अब तक की सबसे स्लिम और हल्की फोल्डेबल डिवाइस हैं, जिनका डिज़ाइन पूरी तरह सिमिट्रिकल और स्लीकहै। ये स्मार्टफोन्सआर्मर एल्युमिनियमऔरकॉर्निंग गोरिल्ला विक्टस 2 की मजबूती से बने हैं, जो इन्हें अब तक की सबसे टिकाऊ गैलेक्सी Z सीरीज बनाती है। दोनों डिवाइस में स्नैप ड्रैगन0 8जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म दिया गया है, जो सीपीयू, जीपीयू और एनपीयूके बेहतरीन प्रदर्शन का शानदार संयोजन है।

# भारत ने पहले टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को हराया

### संजू के बाद गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 61 रन से हराते हुए 4 मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल की।डरबन में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन के शतक (107) की मदद से 202/8 का स्कोर बनाया।जवाब में प्रोटियाज टीम 17.5 ओवर में 141 रन पर ही सिमट गई।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। अभिषेक शर्मा (7) के जल्दी आउट होने के बाद भारत से सैमसन और सूर्यकुमार (21) ने 66 रन की साझेदारी की।इसके बाद सैमसन ने शतक पूरा किया। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 31 रन की पारी खेली और भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा।जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्करम (8) और ट्रिस्टन स्टब्स (11) के जल्दी विकेट खोए। इसके बाद लगातार गिर रहे विकेटों के बीच क्लासेन (25) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके। सैमसन लगातार 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले भारत के पहले और विश्व के कुल चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले फ्रांस के गुस्ताव मैकेन, दक्षिण अफ्रीका के रिले रोसौव और इंग्लैंड के फिल साल्ट ऐसा कर चुके हैं।सैमसन एक से अधिक शतक लगाने वाले चौथे भारतीय बने हैं। बता दें कि रोहित शर्मा ने भारत से सर्वाधिक 5 शतक लगाए हैं। उनके बाद सूर्यकुमार ने 4 और केएल राहुल ने 2-2 शतक लगाए हैं। भारतीय टीम ने इस साल अब तक सातवीं बार 200 रन से अधिक (एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक) का स्कोर बनाया है। बता दें कि पिछले साल भी भारत ने 7 ही बार 200+ स्कोर बनाए थे। भारत से वरुण चक्रवर्ती सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 6.20 की इकॉनमी रेट के साथ 25 रन देते हुए 3 सफलताएं हासिल की।यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी दर्ज हो गया।चक्रवर्ती ने रयान रिकेल्टन (21) को आउट कर अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद अपने आखिरी ओवर में उन्होंने क्लासेन और डेविड मिलर (18) के रूप में प्रमुख विकेट चटकाए।बिश्नोई ने 28 रन देते हुए 3 विकेट लिए। क्लासेन ने अपनी 25 रन की पारी में 1 छक्के लगाया।

## संजू सैमसन ने छक्कों की बारिश कर रोहित शर्मा की बराबरी की, धोनी-पंत को छोड़ा पीछे

### दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत ने पहले टी20 मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 61 रनों के बड़े अंतर से हराया. भारतीय टीम की जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रहे. संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर 107 रनों की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 10 छक्के लगाए. वहीं, अब इस पारी के संजू सैमसन ने रोहित शर्मा के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. साथ ही महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. भारत के लिए टी20 मैचों की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में संजू सैमसन संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं. इससे पहले रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ 10 छक्के जड़े थे. संजू सैमसन टी20 की एक पारी में 10 या उससे अधिक छक्के जड़ने वाले 19वें खिलाड़ी बन गए हैं. टी20 फॉर्मेट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में एस्टोनिया साहिल चौहान टॉप पर हैं. वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले



टी20 मुकाबले में संजू सैमसन ने तीसरी बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया. भारत के लिए ऐसा करने वाले वह तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. केएल राहुल और ईशान किशन ने 3-3 बार यह कारनामा किया है. जबकि महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत 2-2 बार ऐसा करने में कामयाब रहे. वहीं, यह टी20 क्रिकेट में संजू सैमसन का लगातार दूसरा शतक है.

## सरकार के पास गेहूं का पर्याप्त स्टॉक फिर भी कीमतें आसमान पर

**जयपुर( एजेंसी )।** भारतीय खाद्य निगम के केन्द्रीय पूल में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद इन दिनों गेहूं की कीमतों में निरंतर तेजी आ रही है। इसके बाद भी केन्द्र सरकार खुले बाजार में गेहूं की बिक्री टेंडर द्वारा नहीं कर रही है। यही कारण है कि जयपुर मंडी में मिल डिलीवरी दड़ा गेहूं नैट शुक्रवार को 3050 रुपए प्रति क्विंटल बिक गया। उधर, दिल्ली में भी लॉरेंस रोड पर गेहूं की कीमतें 3200 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई हैं। गेहूं महंगा होने से आटा, मैदा एवं सूजी के भाव भी रबर की तरह उछल रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। लक्ष्मी भोग आटा, मैदा, सूजी एवं बेसन के निर्माता नरेश चौपड़ा ने बताया कि पूर्व में सरकार द्वारा कहा गया था कि एक अगस्त से रोलर फ्लोर मिलों और आटा चक्कियों को टेंडर द्वारा गेहूं बेचा जाएगा। मगर जब 10 अगस्त तक गेहूं बेचने की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो फिर रोलर फ्लोर मिल एसोसिएशन ने सरकार से बात की, तो अक्टूबर में गेहूं बेचने की योजना बनाई गई। मगर



अफसोस, वह समय आने से पहले सितंबर माह में ही 31 मार्च 2025 तक खुले बाजार में गेहूं बेचने की योजना को निरस्त कर दिया गया। और यही कारण रहा कि गेहूं में निरंतर आ रही तेजी को कोई नहीं रोक पा रहा है। सभी जानते हैं कि त्योहारी सीजन और शादी के सीजन में गेहूं एवं गेहूं उत्पादों की खपत काफी तेजी से बढ़ जाती है। खासतौर पर फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, फ्लोर मिल और बेकरी सेक्टर में गेहूं की डिमांड बढ़ जाती है।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म तीजा के लुगरा 2 का टीजर हुआ आउट 22 नवंबर से फिल्म का प्रदर्शन प्रदेश में...

**रायपुर।** वी आर फिल्म नागपुर के प्रोडक्शन में बनी छत्तीसगढ़ी मल्टी स्टारर फिल्म में जिसमें दो सुपर स्टार एवं जाने-माने कलाकारों ने अभिनय किया है। आज रविवार को फिल्म का टीजर एवीएम गाना में

रिलीज हुआ जिसको दर्शक काफी पसंद कर रहे है पूर्व में फिल्म के गीत संगीत दर्शकों के जबान में छाए हुवे है!फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी, कुंदन मार्कर निर्देशक जी विजय ने बताया कि फिल्म में भरपूर परिवारिक मनोरंजक मसाला है जो हर वर्ग को पसंद आएगी फिल्म में सुपर स्टार करन खान एवं प्रकाश अवस्थी की जुगल बंदी दिखाई देगी कलाकारों में रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे,रिंकू रज़ा, पुष्पेंद्र सिंह,उर्वशी साहू,पवन गुप्ता,संतोष




निषाद, संजू साहू ,पायल साहू लता राही खुशी गुमगांवकर,करीम खान शांतनु की अभिनय की जुगल बंदी दिखाई देगी फिल्म में गीत डॉ पीसी लाल यादव, मौनी लाला का है गानों को संगीत से सजाया है सुनील सोनी ने ,तीजा के लुगरा 2 के कोरियोग्राफ किया है विलास राउत दिलीप बैस ने। वी आर फिल्म के बैनर तले बनी फिल्म तीजा के लुगरा 2 के सभी गीत कर्णप्रिय हैं

इस फिल्म के सह निर्माता है सीमा दिनेश थोपे,अमित जैन है फिल्मांकन जितेंद्र भारद्वाज,पवन रेड्डी ने किया है सहायक निर्देशन का भार संतोष फुंडे विजय बोरकर, साक्षी गुमगांवकर ने निभाया है फिल्म 22 नवंबर को प्रदेश में रिलीज हो रही है फिल्म के वितरक शिवम् इंटरप्राइजेज लकी रंगशाही है ..

## मोहम्मद नबी ने किया वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 होगा आखिरी टूर्नामेंट

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 इस प्रारूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अपने फैसले की जानकारी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) को भी दे दी है। एसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नसीब खान ने शुक्रवार (8 नवंबर) को इस खबर की पुष्टि भी कर दी है।ऐसे में आइए जानते हैं कि नबी का वनडे क्रिकेट में कैसा प्रदर्शन रहा है। नसीब ने कहा, हां, मोहम्मद नबी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया है। उन्होंने बोर्ड को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। कुछ महीने पहले ही उन्होंने मुझसे कहा थी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना वनडे करियर खत्म करना चाहते हैं और हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं।उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के बाद मुझे उम्मीद है कि वह अपना टी-20 क्रिकेट करियर जारी रखेंगे। नबी ने साल 2009 में स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे क्रिकेट करियर का आगाज किया था।



## कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञों के साथ सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा

**बिलासपुर :** अपोलो कैंसर सेंटर, मुंबई द्वारा आयोजित अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव का 7वां एडिशन आज शुरू हुआ और इसमें अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के 400 से अधिक फैकल्टी, कैंसर देखभाल विशेषज्ञ और रिसर्चर सहित 2,000 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम कैंसर देखभाल में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा करने, आधुनिक उपचारों से लेकर सटीक ऑन्कोलॉजी तक के विकसित परिदृश्य पर चर्चा करने पर केंद्रित है। यह सम्मेलन 8 से 10 नवंबर तक होने वाला है। स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के प्रोफेशनल्स के लिए पैनल चर्चा, कार्यशालाओं और रिसर्च प्रेज़ेंटेशन में भाग लेने के लिए यह एक प्रभावशाली मंच है। इसमें मुख्य भाषण और कई सत्रों में कैंसर देखभाल के पहले से चले आ रहे उपचारों और प्रबंधन रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव में सात ऑर्गन-स्पेसिफिक्र सायंटिफिक्र ट्रैक, 100 से ज़्यादा सेशन और कई इंटरैक्टिव चर्चाएं होंगी, ऑन्कोलॉजी में यह एक आधारशिला कार्यक्रम के रूप में जाना जाएगा। यह सम्मेलन उन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों के लिए स्वास्थ्य सेवा कैलेंडर में साल का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम बन चूका है, जो कैंसर से अधिक प्रभावी ढंग से और सहानुभूतिपूर्वक लड़ने के लिए समर्पित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन में इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर की निदेशक डॉ. एलिसाबेत वीडरपास ने कहा, के 2022 के अनुमानों से पता चलता है कि दुनिया भर में कैंसर का बोझ 2022 में 20 मिलियन नए मामलों से बढ़कर 2050 तक 35 मिलियन हो जाने का अनुमान है। भारत में 2022 में कैंसर के 1.41 मिलियन नए मामले आए थे, यह आंकड़ें बढ़कर 2050 में 2.69 मिलियन होने की उम्मीद है। इस खतरनाक अनुमान के साथ, रोकथाम कैंसर महामारी के लिए बहुत ही ज़रूरी बन गई है। अपोलो कैंसर कॉन्क्लेव 2024 जैसी पहल स्थानीय विशेषज्ञों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रभावशाली मंच प्रदान करती है। ह्वक्रष्ट में, हमारा लक्ष्य है एक ऐसी दुनिया बनाएं, जहां कैंसर के मामलें कम से कम हो। इसके लिए रोकथाम और बीमारी की जल्द से जल्द पहचान में सक्रिय, सबूतों पर आधारित रणनीतियों की आवश्यकता है। यह कॉन्क्लेव इन रणनीतियों को साझा करने और हमारे सामूहिक मिशन को मजबूत करने का एक उल्लेखनीय अवसर है। अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज़ लिमिटेड की कार्यकारी उपाध्यक्ष सुश्री प्रीता रेड्डी ने कहा, अपोलो हॉस्पिटल्स की स्थापना वैश्विक मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। हम नए मानकों, उन्नत तकनीकों और अभिनव उपचारों के साथ कैंसर देखभाल में क्रांति लाकर उस उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं और ज़्यादा से ज़्यादा मरीज़ों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। 22 अपोलो कैंसर केंद्रों में 390 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट के साथ, हम दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ देखभाल जैसी सबसे अच्छी दयालु, मरीज़-केंद्रित देखभाल प्रदान करते हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई- प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 06.11.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 25.11.2024 है.

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 5 |
| NIT No. 389 Tender No. 160899 | जिला गरियाबंद में सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड भवन निर्माण कार्य. | रु. 71.79 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है. (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें.)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

G-242503672/2

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 11 नवम्बर 2024



## पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा है छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम भविष्य

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले के 11 स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढने् एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को विजयी बनाने भूपेश बघेल ने किया आव्हान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंगोराभाठा के बाजार चौक सहित विभिन्न वार्डो में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को विजय बनाने के लिए भूपेश बघेल जी जनता के बीच पहुंचकर वर्तमान सरकार की निरंकुश शासन और पूर्व सरकार की उपलब्धि बताते हुए कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा को भारी बहुमत से विजयी बनाने हेतु आहवान किए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीमती अनिला भेड़िया, गिरीश देवांगन, सुशील सन्नी अग्रवाल, भोला राम साहू, छाया वर्मा, संदीप साहू और कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में विशाल जनसमूह उपस्थित रहे।

### विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष श्री संजय जैन जी का स्वागत कार्यक्रम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष श्री संजय जैन जी, दिल्ली से दिनांक 11.11.2024 सोमवार को रायपुर पधार रहे हैं, अपराह्न 3:30 बजे श्री प्रदीप जैन जी दैनिक विश्व परिवार के शंकर नगर स्थित निवास स्थान पर उनका स्वागत किया जाएगा। स्वागत के पश्चात श्री संजय जैन जी उपस्थित जनों को संबोधित करेंगे।

### 86 वाहनों चालकों से 31000 रुपए वसूल

**दुर्ग-रायपुर।** 9 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 86 वाहनों पर कार्यवाही कर 31000 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 26, तीन सवारी में 26, बिना कागजात 15, नो पार्किंग 11 एवं बिना नंबर वाहनों में 08 वाहनों में कार्यवाही किया गया है।

# रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विशाल रोड शो, जनता का अपार समर्थन

**सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- रायपुर दक्षिण को और अधिक समृद्ध एवं विकसित बनाया जायेगा**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से जनता के बीच व्यापक समर्थन जुटाने और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के उद्देश्य से रविवार को एक बार फिर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री धरम लाल कौशिक, श्री नंद कुमार साय के साथ एक विशाल रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के लिए समर्थन जुटाया। आज का रोड शो के अंतर्गत पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड, सुंदर नगर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, भाठागांव, मदर टेरेसा वार्ड, सिविल लाइन वार्ड और अरविंद दीक्षित वार्ड में हजारों कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों ने जनता का समर्थन जुटाने के लिए हिस्सा लिया।



रोड शो के दौरान जनता का अपार समर्थन और उनके उत्साह ने भाजपा के प्रति जनता का विश्वास और लगाव को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। भाजपा ने क्षेत्र के विकास और जनता के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया, और श्री बृजमोहन अग्रवाल की अगुवाई में रायपुर दक्षिण को विकास के नए आयामों पर ले जाने का संकल्प लिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस रोड शो को लेकर जनता को विश्वास दिलाया कि पार्टी उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है और आने वाले चुनाव में भाजपा को समर्थन देकर रायपुर दक्षिण की जनता प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखने में सहभागी बनेगी। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रोड शो के दौरान लोगों का आभार व्यक्त किया और उन्हें आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार क्षेत्र की जनता की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा, आपका समर्थन हमारे लिए शक्ति का स्त्रोत है, और हम रायपुर दक्षिण को और अधिक समृद्ध एवं विकसित बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। रायपुर दक्षिण में भाजपा का यह रोड शो पार्टी की एकजुटता और जनता के प्रति उसकी समर्पण भावना को सशक्त रूप से उजागर करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक रूप से सफल कार्यक्रम बना दिया।

## कोरिया जिले में बाघ के मृत होने की सूचना पर वन विभाग सतर्क, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए दिए गए निर्देश

**रायपुर ( विसं )।** कोरिया जिले में एक बाघ की मौत की खबर ने वन विभाग को सतर्क कर दिया है। आज गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक एवं वनमण्डलाधिकारी बैकुंठपुर ने इस सम्बंध में जानकारी दी है कि 8 नवम्बर 2024 को दोपहर एक बजे ग्रामीणों से परिसर रक्षक गरनई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कटवार के पास खनखोपड़ नाला के किनारे एक बाघ की मृत्यु हुई है। घटना स्थल बीट गरनई, सर्किल रामगढ़, परिक्षेत्र सोनहत, कोरिया वनमण्डल के असीमांकित वनक्षेत्र के समीप है। संबंधित वनरक्षक के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। तत्काल वन मण्डलाधिकारी कोरिया, संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुन्ठपुर, उप वनमण्डलाधिकारी उत्तर बैकुन्ठपुर, मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत्त अम्बिकापुर, वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सरगुजा मौके पर पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारियों की टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास डेढ़ से दो किलोमीटर परिधि में तलाशी की गई। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि बाघ का शव दो-तीन दिन पुराना था।

## गांव-गांव में फसल अमृत बनाने का प्रशिक्षण शुरू, डॉक्टर जैन ट्रेनिंग के साथ गौ माता पालने पर दे रहे जोर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खेतों में होने वाली फसलों को रासायनिक खाद से बचाने मनोहर गौशाला खैरागढ़ के ट्रस्टी डॉक्टर अखिल जैन (पदम डाकलिया) की मुहिम अब जमीनी स्तर पर सामने आने लगी है। इस मुहिम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से सहयोग कर रहा है। इसी क्रम में राजधानी से लगे ग्राम चाटौद में डॉ जैन ने फसल अमृत और मनोहर ऑर्गेनिक गोल्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया।



इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डायरेक्टर आफ रिसर्च इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य और वैज्ञानिकों की उपस्थिति में डॉ. ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। धान की सीधी बुआई की विधि प्रशिक्षण के कार्यकम के साथ में जैविक गौ आधारित कृषि प्रबन्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. जैन ने गौ मूत्र से फसल अमृत बनाने की विधि बताई और इसके फायदे के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ जैन ने सभी किसानों से अपने-अपने घरों में गाय माता को रखने की अपील की गई। इस पर वहां मौजूद किसानों ने स्वीकारा। जैन ने कहा कि ऋषि महर्षि गौ माता के गौ मूत्र का वर्णन दुर्लभ औषधि के लिए करते रहे हैं, जो मानव स्वास्थ्य और धरती माता के सुपोषण के लिए बहुत ही उपयुक्त है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ जीके श्रीवास्तव, डॉ संजय द्विवेदी, डॉ एसके चीतले, डॉ गौतम रॉय विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एनआईटी रायपुर में हुआ डीप लर्निंग इन एआई और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनआईटी रायपुर में 10 नवंबर 2024 को इनोवेशन-सेल के द्वारा डीप लर्निंग इन एआई और रोबोटिक्स पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करियर डेवलेपमेंट सेल के प्रमुख प्रोफेसर, डॉ समीर बाजपेई, रोबोटिक्स क्लब के प्रोफेसर इंचार्ज, डॉ राजेश डोरिया, असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, डॉ रम्या सेल्वाराज उपस्थित रही। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में ब्ल्यू ओशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संस्थापक श्री अपार गुप्ता उपस्थित रहें।



इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. समीर बाजपेई ने की जिसमें उन्होंने एनआईटी रायपुर में आई सेल क्लब, ई सेल क्लब, रोबोटिक्स क्लब और अन्य टैक्निकल क्लबों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ये मंच इनोवेशन को बढ़ावा देते हैं, उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हैं और छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक स्किल्स प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम में श्री अपार गुप्ता ने एआई के महत्व के बारे में बताया और कहा कि आज चिकित्सा, डर्मेटोलॉजी इत्यादि क्षेत्रों में ए आई और रोबोटिकस का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कई सारी जटिल सर्जरी भी इसी माध्यम से की जा रही है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट द्वारा आयोजित की जाने वाली रिएक्टर सीरीज और बी2बी रणनीतियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने आने वाले समय में एआई के संभावित फायदों और नुकसान के बारे में बताया और कहा कि ए आई और रोबोटिकस की वजह से लोगों की जॉब्स पर पर भी खतरा मंडरा रहा है जिनमें सबसे ज्यादा खतरा आई टी सेक्टर से जुड़ी नौकरियों पर है। सत्र का समापन श्री अपार गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

## मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

**रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन : मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत उप-निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 13 नवम्बर तथा उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

## खनिज विभाग की टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

**रायपुर ( विसं )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज श्री के.के. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउन्टेन और एक हाईवा को मौके से जप्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरूद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी को सुपुर्द किया।

## टैगोर नगर दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सिद्ध प्रभु की आराधना का महापर्व अष्टानिका पर्व के अंतर्गत कार्तिक शुक्ल सप्तमी दिन शुक्रवार दिनांक 8 नवम्बर 2024 से कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी दिनांक 16 नवम्बर 2024 तक श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, टैगोर नगर, रायपुर में बड़े ही हर्ष और आनंद के साथ मनाने के लिए टैगोर नगर दिगंबर जैन समाज कृत संकल्पित हुई है।

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ संजय पंडित जी के नेतृत्व में भक्ति भाव पूर्वक प्रारंभ हुआ। इस आयोजन के ध्वजारोहण करने का सौभाग्य श्रीमान रजनीश कुमार, सचिन, आशीष, राहुल, शुभम जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

श्री जिनेंद्र भगवान के प्रथम चार कलशो से अभिषेक करने का सौभाग्य श्रीमान यशोधर जी सिंघाई, श्रीमान निर्मल जी जैन, श्रीमान बंशीलाल जी जैन, श्री मान डॉ अरविंद जी जैन परिवार को परिवार को प्राप्त हुआ, शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमान राजकुमार जी, नवीन कुमार, नमन कुमार मोदी एवं श्रीमान निर्मल कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, टैगोर नगर, रायपुर के अध्यक्ष श्री राजेश जैन विद्यासागर, सचिव श्री प्रियांक जैन, कोषाध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर को इस विधान में उपस्थित होकर पुण्यार्जन करने हेतु आमंत्रित किया।

## जयका समूह की 70वीं वर्षगाँठ पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम हुआ आयोजित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ क्षेत्र के ऑटोमोबाइल व्यवसाय जगत में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला प्रतिष्ठित जयका समूह इस वर्ष अपनी स्थापना की 70वीं जयंति मना रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि की खुशियां मनाने जयका समूह द्वारा जयका ऑटोमोबाइल्स एंड फायनेंस प्रा.लि., रिंग रोड नं. 1, रायपुरा, रायपुर में एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगभग 750 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जयका समूह के संस्थापक स्व. श्री पुरूषोत्तम बालकृष्ण काले एवं अन्य पूर्व प्रबंध निदेशकों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ।




इस अवसर पर जयका समूह के प्रबंध निदेशक श्री रोहित काले तथा श्रीमति रश्मि काले (वर्ष 2024-26 हेतु अखिल भारतीय स्तर पर फाडा के डब्ल्यूआईएफ की चेयरपर्सन) एवं उनके सुपुत्र श्री कौस्तुभ काले उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री रोहित काले ने कहा कि 94 वर्ष पुरानी परिवार की ऑटोमोबाइल बिजनेस परंपरा को आगे बढ़ा रहे तथा 70 साल पुराने जयका ग्रुप को नई बुलंदियों पर ले जा रहे हैं।

1930 में काले परिवार ने ली ऑटोमोबाइल की पहली डीलरशिप

आजादी के पूर्व 1930 में मध्य भारत की पहली ऑटोमोबाइल डीलरशिप समूह की स्थापना स्व. पुरषोत्तम बी. काले ने फोर्ड मोटर्स एवं फोर्डसोन ट्रैक्टर्स की सेंट्रल प्रोविनेन्स व बरार के 32 जिलों में एक साथ प्रोविंशियल ऑटोमोबाइल के नाम से की थी। पैसेंजर कार से कमर्शियल व्हीकल शोरूम भी स्व. पी.बी. काले ने शुरू की। उन्होंने वर्ष 1954 में महिंद्रा एन्ड महिंद्रा की पूर्ण रेंज डीलरशिप प्रोविंशियल ऑटोमोबाइल्स नाम से ली, जयका मोटर्स के नाम पर टेल्को का टाटा कमर्शियल व्हीकल का डीलरशिप का स्थापना किए, हिंदुस्तान मोटर का पैसेंजर कार का डीलरशिप प्रोविंशियल ऑटोमोबाइल्स नाम से लिए। इसी साल स्व. पी.बी. काले, श्री पी. एस. जैन के साथ पार्टनरशिप में जयका ब्रांड की स्थापना की तथा टेल्को (वर्तमान टाटा मोटर्स) की डीलरशिप जयका मोटर्स के नाम से ली गई। वर्ष 1955 में भिलाई मोटर के नाम पर दुर्ग में टेल्को का कमर्शियल व्हीकल का डीलरशिप लिए। वर्ष 1981 में स्व. श्री सतीश काले और श्री कुमार काले के नेतृत्व में काले परिवार को रायपुर छत्तीसगढ़ में टाटा मोटर्स की डीलरशिप का अवसर जयका ब्रांड के साथ फिर प्राप्त हुआ। जो जयका ऑटोमोबाइल एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आज भी जारी है। 1998 में विदर्भ में हुंडई मोटर्स और टाटा पैसेंजर वाहनों की डीलरशिप के बाद वर्ष 2000 में रायपुर में शिवनाथ हुंडई की स्थापना हुई। 2003 में जयका इन्श्योरेन्स एन्ड ब्रोकरेज की स्थापना, 2007 में रायपुर में ट्रेलर-टिप्पर का निर्माण भी शुरू हुआ। विदर्भ में 2013 एवं 2017 में फिएट कार व जीप की सेंट्रल एवेन्यू ट्रेडिंग कारपोरेशन लिमिटेड और 2018 में किआ कार की जयका किआ के नाम से डीलरशिप शुरू की।

**50 के दशक में दादी ने संभाली व्यवसाय की कमान :** श्री रोहित बताते हैं कि 1958 में जब उनके दादा श्री के.पी. काले की असामयिक मृत्यु हुई तो परिवार और कारोबार दोनों को बड़ा झटका लगा। परिवार को इस कारोबार पर बने रहने विचार करने पर मजबूर होना पड़ा, तब उनकी दादी श्रीमती मंगला काले ने साहस के साथ नागपुर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ क्षेत्र में व्यवसाय के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली।

**ट्रेन में 70 साल पुरानी जयका ग्रुप का नामकरण :** जयका ग्रुप के संचालक श्री रोहित बताते हैं कि उनके परदादा स्व. श्री पुरूषोत्तम बालकृष्ण काले जमशेदपुर टेल्को की डीलरशिप के लिए जा रहे थे तभी ट्रेन में श्री पी.एस. जैन से मिले। वे भी डीलरशिप के लिए जा रहे थे। ट्रेन में जैन से 'जय' और काले से 'का' शब्द मिलाकर जयका ग्रुप का नामकरण हुआ। श्रीमती रश्मि काले का कहना है कि बिजनेस का मतलब सबको साथ लेकर चलना है। सबके पास कोई न कोई आइडिया होता है। नई सोच, नए विचार को आत्मसात करेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने जयका के 70 वर्ष होने पर जे 70 लोगो डिजाइन किया है जो एक अटूट रिश्तों के सफर को दर्शाता है।

## पुलिस भर्ती में पुलिस अधीक्षक रखें पारदर्शिता का ध्यान : आईजी

**दुर्ग-रायपुर ( आरएनएस )।** दुर्ग रेंज पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने जिले के पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा को पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिनांक 16.11.2024 से पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, जिसके लिये प्रवेश-पत्र जारी करने के कार्यवाही वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। पूर्व में असामाजिक तत्वों द्वारा आमजन/भर्ती के प्रतिभागियों को दिग्भ्रमित कर पुलिस भर्ती या अन्य भर्तियो में नियुक्ति दिलाये जाने के नाम से पैसों के लेने की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। चूंकि पुलिस आरक्षक भर्ती में निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया जाता है। यदि जिले में किसी असामाजिक तत्व या किसी पुलिसकर्मी के विरूद्ध इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा जिले में नागरिकों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जाये, जिसमें आमजन को यह स्पष्ट किया जाये कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की नियुक्ति नियमों के अधीन उनकी योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप ही होगी।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354